जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

बीकानेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 46 संख्याः 127 प्रभात बीकानेर, गुरुवार 28 नवम्बर, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.

## कांग्रेस ई.वी.एम. के मुद्दे पर मोदी सरकार से सीधी भिड़ंत के लिए तैयार

### क्योंकि, लगातार हार के बाद ई.वी.एम. पर दोषारोपण ही प्रतिष्ठा बचाने का तरीका बचा है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 नवम्बर। कांग्रेस ने अन्ततः ई.वी.एम. के मुद्दे पर मोदी सरकार के साथ दो-दो हाथ करने का निर्णय ले लिया है।

चुनावों में बैलट पेपर के उपयोग को वापस लाने के मुद्दे पर गठबंधन के सभी सहयोगी दलों को एक मंच पर लाने के लिए एक ठोस समन्वित रणनीति तैयार की जा रही है, ताकि सभी एक आवाज़ में बोलें।

कांग्रेस के भीतर सभी विरोधी स्वरों को, जो कह रहे थे कि ई.वी.एम. ठीक है, चुप रहने और पार्टी लाइन पर चलने के लिए कहा गया है।

हरियाणा तथा महाराष्ट्र की करारी हार के बाद, ई.वी.एम. पर सारा दोष मढ़ने के अलावा, अपनी लाज रखने के लिए कांग्रेस नेतृत्व के पास और कुछ नहीं बचा है।

शरद पवार, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, हेमंत सोरेन तथा अन्य नेता पहले से ही ई.वी.एम. को हटाने के पक्ष में बोलते रहे हैं और अब ममता बनर्जी भी इन लोगों के साथ सुर मिला रही हैं।

- कांग्रेस के उन सभी नेताओं से मुंह बंद रखने के लिए कहा गया है जो मानते हैं कि ई.वी.एम. में कोई गड़बड़ नही है, इनमें राहुल गाँधी भी हैं पर उन्हें भी समझा दिया गया है कि ई.वी.एम. पर दोषारोपण जरूरी है।
- इंडिया गठबंधन के अन्य प्रमुख नेता, शरद पवार, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, हेमंत सोरेन पहले से ही ई.वी.एम. प्रणाली खत्म करने और बैलट पेपर से चुनाव कराने के हिमायती हैं, और अब इसमें ममता बनर्जी भी साथ आ गई हैं।
- 29 नवम्बर को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में ई.वी.एम. व्यवस्था खत्म करने के लिए प्रस्ताव पारित किये जाने की संभावना है, इसके बाद यह प्रस्ताव इंडिया गठबंधन की बैठक में भी पारित किया जाएगा।

माना जा रहा है कि नवम्बर 29 की सी.डब्ल्यु.सी. (कांग्रेस वर्किंग कमेटी) की बैठक में कांग्रेस, ई.वी.एम. का उपयोग बंद करने की आवश्यकता पर प्रस्ताव पास करेगी और शीघ्र ही इस प्रस्ताव को इण्डिया गठबंधन के सहयोगी दलों की मीटिंग में ले जाएगी, जिसके बाद विपक्ष इस मुद्दे पर राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएगा। रणनीति तैयार की जा रही है और शीघ्र इसको कार्यान्वित किया जाएगा।

अभी तक कांग्रेस में ई.वी.एम. के समर्थन या विरोध को लेकर कोई स्पष्ट विज़न नहीं था, दो-तीन तरह की बातें हो रही थीं।

सन् 2018 में, राहुल गाँधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद, कांग्रेस का एक एजेण्डा था, ई.वी.एम. को हटाना, लेकिन, उसके बाद पार्टी नेतृत्व इस मुद्दे को लेकर ठंडा पड़ गया और उसे एक तरह से ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

लेकिन माना जा रहा है कि अब, सत्तारुढ़ पार्टी और विपक्ष के बीच ई.वी.एम. का मुद्दा राजनीति की "सैंटर स्टेज" पर होगा तथा इसकी आवाज़ संसद और उसके बाहर सुनाई देगी।

## प्रियंका गांधी आज शपथ लेंगी

नयी दिल्ली, 27 नवंबर। केरल की वायनाड संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेंगी।

वाड्रा के साथ ही, महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले रवींद्र चौहान भी लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेंगे।

- प्रियंका गांधी के साथ नांदेड से लोकसभा सदस्य बने रविन्द्र चौहान भी गुरुवार को सदस्यता की शपथ लेंगे।

इससे पहले, वायनाड के चुनाव अधिकारी ने बुधवार को श्रीमती वाड्रा को वायनाड संसदीय उपचुनाव का निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी उपस्थिति रहे। वाड्रा ने वायनाड के लोगों का जबरदस्त समर्थन कर उन पर विश्वास करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## कौन बनेगा महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री, आज होगा फैसला

### आज हो रही एन.डी.ए. की बैठक में शाह के समक्ष एकनाथ शिंदे, अजित पवार, और फड़नवीस के बीच बातचीत होगी

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 नवम्बर। गुरुवार को होने वाली नैशनल डैमोक्रैटिक एलांयस (एन.डी.ए.) की बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद का फैसला होगा।

एकनाथ शिंदे का गुट मुख्यमंत्री के चयन में बिहार मॉडल अपनाने पर जोर दे रहा है। इसलिए बुधवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के सम्बंध में कोई निर्णय नहीं हो सका। यह तय हुआ है कि गुरुवार को एन.डी.ए. की बैठक में अमित शाह के सामने महायुति के तीनों नेता एकनाथ शिंदे, अजित पवार, देवेन्द्र फड़नवीस बातचीत करेंगे।

मीटिंग में मुख्यमंत्री के पद के अलावा इससे सम्बंधित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी जैसे किस पार्टी को कितने मंत्री पद मिलेंगे और किसे मंत्री बनाया जाएगा। हालांकि एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग जोर-शोर से उठ रही है पर बुधवार को खुद शिंदे ने समझौते के संकेत दिए और कहा कि न तो वे खुद और न ही उनकी पार्टी सरकार गठन में अड़चन पैदा करेगी। शिंदे ने कहा कि उन्हेंने सरकार गठन का मुद्दा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर छोड़ दिया है।

- शिंदे समर्थक चाहते हैं कि एकनाथ शिंदे को ही मुख्यमंत्री बनाया जाए, पर शिंदे की पार्टी का कहना है कि बिहार मॉडल की तर्ज पर मुख्यमंत्री का फैसला होना चाहिए।
- पर, आज शिंदे ने कुछ नरमी दिखाई और बताया कि उन्होंने प्र.मंत्री मोदी व गृहमंत्री शाह से मिलकर बता दिया है कि न तो वे और न ही उनकी पार्टी महाराष्ट्र सरकार के गठन में कोई अड़ंगा लगाएगी।

शिंदे ने बुधवार को बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री पद के मुद्द पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ बात की है। उन्होंने कहा कि "मैंने उन्हें बताया है कि वे जो चाहे निर्णय लें हमारी पार्टी उसे स्वीकार करेगी और जिसे भी मुख्यमंत्री बनाया जाएगा उसके प्रति कोई असंतोष नहीं रखेगी।"

हालिया विधानसभा चुनावों में महायुति को शानदार जीत मिली है, जिसमें भाजपा को 131, अजित पवार की एन.सी.पी. (नेशनलिस्ट कांग्रेस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विपक्ष के हंगामे के कारण दूसरे दिन भी नहीं चली संसद

### सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र का पहला दिन भी विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया था

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 27 नवम्बर। बुधवार को दूसरे दिन भी संसद नहीं चली, क्योंकि विपक्ष ने संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा किया।

राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने सभी स्थगन नोटिस ठुकरा दिए। इनमें संयुक्त संसदीय समिति के गठन, मणिपुर तनाव और उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा से सम्बंधित स्थगन प्रस्ताव भी शामिल थे। उन्होंने सबसे पहले राज्यसभा को सुबह आधे घंटे के लिए स्थगित किया और उसके बाद राज्यसभा पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

प्रश्न काल के आरम्भ से ही विपक्षी दलों द्वारा हंगामा करने से लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला काफी क्षुब्ध नज़र आए। सुबह उन्होंने सदन 12 बजे तक स्थगित कर दिया। बाद में असम के भाजपा सांसद दिलीप सैकिया ने सदन का संचालन किया तथा घोषणा की कि स्पीकर ने सभी स्थगन नोटिस अस्वीकार कर दिए हैं। मंत्रियों व सदस्यों के बयान के बाद, उन्होंने दिन भर के लिए सदन स्थगित कर दिया।

- लोकसभा स्पीकर विपक्ष के रवैये से काफी क्षुब्ध नज़र आए, लोकसभा में विपक्ष ने सुबह से ही विरोध और हंगामा शुरू कर दिया था।
- इसके बाद पहले लोकसभा दोपहर तक फिर पूरा दिन के लिए स्थगित हो गई। स्पीकर ने विपक्ष के सभी स्थगन नोटिस अस्वीकार कर दिए।
- राज्यसभा में भी यही माहौल देखा गया। सभापति जगदीप धनखड़ ने मणिपुर तनाव, संभल दंगे और जे.जी.सी. की मांग संबंधित विपक्ष के सभी स्थगन नोटिस ठुकरा दिए।

सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र का आरंभ हुआ तथा उस दिन भी विपक्ष के हंगामे के कारण सदन में कोई काम नहीं हुआ। विपक्षी दल गौतम अडानी पर अमेरिका में लगे आरोपों पर संसद में चर्चा न कराये जाने का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा मणिपुर हिंसा व संभल के दंगे पर भी विपक्ष चर्चा चाहता है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार संसद में रोड रोलर तरीकों पर चल रही है और विपक्ष की आवाज दबा रही है।

उन्होंने कहा कि गुरुवार को भी विपक्ष विरोध प्रदर्शन जारी रखेगा। और जब तक सरकार उन मुद्दों पर चर्चा की अनुमति नहीं देती, जिन नोटिस जारी किए गए हैं, विपक्ष अपना विरोध जारी रखेगा।

## 'संविधान दिवस मना रहे हैं, बुजुर्गों का खयाल करें'

जयपुर, 27 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने बुजुर्ग लोगों को पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से जुड़े मामले में कड़ी टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि भले ही हम संविधान दिवस मना रहे हैं, लेकिन बुजुर्ग लोगों की मदद के लिए कोई ऐसी मशीनरी नहीं है, जिससे उनसे जुड़े पेंशन व अन्य मामलों में उनकी मदद हो सके। जबकि एक कल्याणकारी राज्य में इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि ऐसे लोगों के मामलों के निस्तारण के लिए हेल्प सेंटर व पॉलिसी बनाई जाए, ताकि इनकी समय पर मदद हो सके। वहीं अदालत ने मामले में राज्य सरकार को जवाब देने को कहा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह

- हाईकोर्ट ने कहा, 95 वर्षीय अनपढ़ विधवा के पास आधार कार्ड, पैन कार्ड, बायोमैट्रिक नहीं होने के कारण बैंक खाता नहीं खुला व पेंशन नहीं मिली। राज्य सरकार दिशा निर्देश दे, तथा पेंशन दिलाये।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## शाह की धमकी का असर, नरम पड़े शिंदे

### अन्ततोगत्वा मजबूरी में ही सही पर शिंदे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद पर दावा छोड़ दिया है

-जाल खंबाता -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 नवम्बर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की इस धमकी के बाद कि अजित पवार की नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर भाजपा नेता देवेन्द्र फड़नवीस महाराष्ट्र सरकार का गठन कर लेंगे, शिव सेना नेता एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री पद पर दूसरे कार्यकाल के लिए अपने दावे को वापस लेने के लिए बाध्य हो गए हैं।

शिंदे ने बुधवार को अपने निवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रैंस में जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी, महाराष्ट्र मुख्यमंत्री के मुद्दे को लेकर भाजपा के निर्णय के विरूद्ध नहीं है और वो प्रधानमंत्री मोदी तथा अमित शाह के निर्णय को मानेंगे। उन्होंने कहा, "मैं सरकार के गठन में बाधा नहीं हूँ तथा एन.डी.ए. (नैशनल डैमोक्रेटिव एलायंस) नेतृत्व का निर्णय मेरी शिव सेना को स्वीकार होगा।"

लेकिन वे गुरुवार को प्रधानमंत्री तथा अमित शाह का अन्तिम निर्देश प्राप्त करने के लिये, फड़नवीस तथा अजित पवार के साथ दिल्ली जा रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि मोदी और शाह उनके साथ चट्टान की तरह मजबूती से खड़े हैं। शपथ ग्रहण समारोह रविवार को मुम्बई में होना सम्भावित है।

- शिंदे ने कहा, वे सरकार के गठन में बाधा नहीं हैं, उन्हें भाजपा नेतृत्व का निर्णय स्वीकार होगा।
- ज्ञातव्य है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक दिन पहले ही कहा था कि भाजपा अजित पवार की पार्टी के साथ मिलकर सरकार बना लेगी। दोनों के पास पूर्ण बहुमत है उन्हें किसी अन्य की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद शिंदे को अंततः पीछे हटना पड़ा।
- भाजपा सूत्रों ने कहा कि देवेन्द्र फड़नवीस के नेतृत्व में बन रही नई सरकार में शिंदे उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार करने के लिए तैयार हो गए हैं। अजित पवार ने पहले ही भाजपा का नेतृत्व स्वीकार कर लिया है और वे उपमुख्यमंत्री बनने को तैयार हैं।

भाजपा सूत्रों ने यहाँ कहा कि एकनाथ शिन्दे अजित पवार के साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में नई सरकार का हिस्सा बनने के लिये सहमत हो गये हैं। शपथ लेने वाले मंत्रिमण्डल में 20 मंत्री होंगे, जिनमें 10 भाजपा से, 6 शिन्दे की शिव सेना से तथा 4 अजित पवार की एन.सी.पी. (नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी) से होंगे।

## प्रिंसिपल व दो शिक्षकों ने नाबालिग से गैंगरेप किया

मनेंद्रगढ़, 27 नवंबर। छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी-भरतपुर जिले में एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार करने के आरोप में एक स्कूल के प्रिंसिपल और दो शिक्षकों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की मदद करने के आरोप, वन विभाग के एक कर्मचारी को भी गिरफ्तार किया गया है। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, आरोपियों की पहचान सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक रावेन्द्र सिंह कुशवाह के रूप में हुई है। अशोक कुमार कुशवाह और कुशल सिंह परिहार दोनों उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक हैं। बनवारी सिंह वन विभाग का कर्मचारी है।

लड़की के साथ कथित तौर पर दो बार बलात्कार किया गया। पहली घटना 15 नवंबर को हुई, जब लड़की को एक आरोपी के घर ले जाया गया और हेडमास्टर और दो शिक्षकों ने कथित तौर पर उसके साथ गैंगरेप किया। आरोपी ने उसे घटना के बारे में किसी को न बताने की चेतावनी दी। दूसरी घटना 22 नवंबर की है। जब पीड़िता किराने का सामान खरीदने के लिए एक दुकान पर जा रही थी, तो आरोपियों में से एक ने कथित तौर पर उसे बस स्टॉप के पास रोका और धमकी दी। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, वह उसे अपनी बाइक पर वन विभाग के कर्मचारी के किराए के आवास पर ले गया, जहां फिर से उसके साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया।

- छत्तीसगढ़ में आरोपी प्रिंसिपल व शिक्षकों को गिरफ्तार किया जा चुका है ।
- आरोपी पढ़ाई में मार्गदर्शन देने के बहाने छात्रा को एक आरोपी के घर ले गये और गैंगरेप किया।

दूसरी घटना के बाद, लड़की ने अपने माता-पिता को बताया, जिन्होंने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी पढ़ाई में मार्गदर्शन देने के बहाने लड़की के करीब आया, जो दूसरे स्कूल में पढ़ती थी। पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया है और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

चारों आरोपियों पर बी.एन.एस. धारा 70(2) (नाबालिग से सामूहिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## झांसी कॉलेज अग्निकांड में तीन निलम्बित

लखनऊ, 27 नवंबर। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में हुए अग्निकांड में नवजात बच्चों की मौत के मामले में हुई जांच के बाद कालेज के प्रधानाचार्य को हटा दिया गया है जबकि कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को चार्जशीट दी गई एवं तीन अन्य को निलंबित किया गया है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को बताया कि अग्निकांड को लेकर गठित चार सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर बुधवार को यह कार्रवाई की गयी है।

- चार सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के बाद राज्य सरकार ने कार्यवाही की।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक किंजल सिंह के नेतृत्व में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## इंडिया गठबंधन के नेतृत्व पर दावा कर रही हैं ममता बनर्जी

### ममता बनर्जी ने साफ कहा, तृणमूल रबर स्टम्प नहीं है जो कांग्रेस की हर बात माने

-डॉ. सतीश मिश्रा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 नवम्बर। पश्चिमी बंगाल में हाल ही में हुये विधान सभा चुनावों में हाल में हुई विजय से उत्साहित एवं प्रफुल्लित, टी.एम.सी. प्रमुख एवं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विपक्षी दलों में अपनी श्रेष्ठता पर जोर देते हुये, राजनैतिक रूप से अपना सीना ठोक रही हैं ताकि इंडिया ब्लॉक उनके नियंत्रण में आ जाये।

हरियाणा और महाराष्ट्र में हुई जबरदस्त पराजयों के बाद, इंडिया ब्लॉक में एक दरार के संकेत देते हुये, तृणमूल कांग्रेस ने कहा है कि टी.एम.सी. इंडिया ब्लॉक के घटक दलों के निर्णयों के लिये रबर-स्टाम्प नहीं बनेगी। कथित भ्रष्टाचार पर संसद में चर्चा पर कांग्रेस के जोर के साथ मतभेद व्यक्त करते हुये, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने कहा कि पार्टी चाहती है कि संसद में काम-काज हो, जिससे पार्टी पश्चिम बंगाल की जनता के मुद्दों को संसद में उठा सके।

तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) के सूत्रों का कहना है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पार्टी के रूख को स्वीकृति प्रदान कर दी है। बनर्जी ने जोर देते हुये कहा है कि टी.एम.सी. और कांग्रेस दोनों ही इंडिया ब्लॉक की सदस्य हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में कांग्रेस, टी.एम.सी. की चुनावी सहयोगी पार्टी नहीं है तथा टी.एम.सी. कांग्रेस द्वारा लिये गये "इकतरफा निर्णयों" को स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं है।

कांग्रेस और टी.एम.सी. ने लोकसभा चुनाव तथा हाल ही में हुये पश्चिम बंगाल के उपचुनाव अलग-अलग लड़े थे। टी.एम.सी. ने उपचुनाव की सभी छः सीटें जीत लीं हैं तथा लोकसभा चुनावों में भी 40 में से 29 सीटें जीत ली थीं। यह संख्या 2019 के विजेताओं की संख्या से ज्यादा थी, जबकि भाजपा ने राज्य में अपना पूरा जोर लगा दिया था।

- तृणमूल नेताओं ने कहा, कांग्रेस इंडिया गठबंधन का एक घटक दल है पर प. बंगाल में कांग्रेस से हमारा गठबंधन नहीं है।
- ममता बनर्जी का रूख आज तब और स्पष्ट हो गया जब उन्होंने भ्रष्टाचार पर बहस के कांग्रेस के रूख को ठुकरा दिया और साफ कहा कि उनकी पार्टी सदन चलने के पक्ष में है और विपक्ष के विरोध का हिस्सा नहीं है।
- पहले हरियाणा और अब महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार से इंडिया गठबंधन में कांग्रेस पार्टी कमजोर पड़ी है, इसलिए ममता बनर्जी ने कांग्रेस पर सीधा प्रहार करना शुरू कर दिया है।

एक टी.एम.सी. नेता ने कहा कि पार्टी भ्रष्टाचार, जो विपक्ष के प्रमुख मुद्दों में से एक है, जिसके कारण संसद के दोनों सदन सोमवार से स्थगित चल रहे हैं, पर चर्चा तो चाहती है, लेकिन वह यह भी नहीं चाहती कि यह मुद्दा पश्चिम बंगाल की जनता के मुद्दों के महत्व को कम कर दें।

उस नेता ने कहा, "पश्चिम बंगाल को फंड्स से वंचित कर दिया गया है, पूरे देश में कीमतें बढ़ रही हैं तथा हम दुष्कर्म पीड़िताओं को शीघ्र न्याय दिलाने के लिये कानून लाने पर जोर दे रहे हैं। ये ऐसे कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें हम उठाना चाह रहे हैं। इसके लिये, हमारे लिये संसद का चलना जरूरी है।

केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सदस्य होने के बावजूद, टी.एम.सी. और कांग्रेस के बीच का रिश्ता बड़ा असहज है तथा ऐसी भी अटकलें हैं कि लोकसभा चुनावों से पहले, यह क्षेत्रीय दल विपक्षी गठबंधन से अलग हो जाये। हालांकि ममता बनर्जी तथा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व, जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा वरिष्ठ नेता राहुल गांधी शामिल हैं, के बयानों द्वारा दोनों दलों के बीच की दरारों को ढ़कने की कोशिश की जाती रही है, लेकिन वे बार-बार दिखाई देने लगती हैं।

अक्टूबर में, हरियाणा में हुई कांग्रेस की अप्रत्याशित हार के बाद, तृणमूल कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक के प्रमुख दल कांग्रेस पर प्रहार करने में बहुत तत्परता दिखाई तथा कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कांग्रेस को "अहंकार" हो गया है तथा वह उन राज्यों, जहाँ वह स्वयं को मजबूत मानती है, में क्षेत्रीय दलों के साथ समायोजन नहीं करती है।

तृणमूल कांग्रेस सांसद साकेत गोखले ने कहा था, "इस प्रवृत्ति से चुनावों में नुकसान उठाना पड़ता है- 'अगर हम यह महसूस करते हैं कि हम जीत रहे हैं, तो हम क्षेत्रीय पार्टी के साथ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

नारी सब कुछ सह सकती है, दारुण से दारुण दुःख, बड़े से बड़ा संकट।
नहीं सह सकती तो अपनी उमंगो का कुचला जाना। –प्रेमचंद

### संदर्भ महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव परिणाम

# महिला मतदाताओं की मुखरता से बदल रही चुनावी नतीजों की तस्वीर

महाराष्ट्र विधान सभा के चुनावों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी नतीजों को बदलने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका हो गई है। महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों में महिलाओं के 6 प्रतिशत अधिक मतदान ने चुनावी परिणामों को ही पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। इसी साल की शुरुआत में हुए लोकसभा के चुनाव परिणामों से महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महाअघाडी गठबंधन अतिउत्साह में था और लगभग यह मानकर ही चल रहे थे कि महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे उनके पक्ष में ही होंगे। अत्यधिक आत्मविश्वास के चलते चुनावी अभियान को सही दिशा व समझ नहीं बैठा पाएं और इसका परिणाम यह रहा कि भाजपा नीत गठबंधन ने विजय के सारे रेकार्ड तोड़ दिए। माने या ना माने पर इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावी नतीजों को बदलने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रही। मध्यप्रदेश से निकली लाड़ली बहना महाराष्ट्र तक आते आते माझी लाड़की बहना योजना ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा इसी साल लागू करने और चुनाव से पहले ही तीन किश्तें लक्षित महिलाओं के खातों में जाने से पूरा माहौल ही बदल गया। योजना शुरु करने पर विपक्ष ने विरोध किया और यहां तक कि कोर्ट में जनहित याचिकाएं लगाई गई पर कोर्ट द्वारा योजना को सही ठहराने और सीधे खाते में पैसे आने से महिलाओं में सरकार के प्रति विश्वास जगा वहीं महाअघाडी गठबंधन महिलाओं से जुड़ी इस योजना को समझने में ही देरी कर दी और भले ही बाद में चुनाव घोषणा पत्र या यों कहे कि चुनावी वादों में अधिक पैसा देने का वादा भी किया पर महिलाओं का विश्वास नहीं जीत पाएं। परिणाम सामने हैं जो मिल रहा है वह बढ़कर मिलेगा इस पर महिलाओं ने अधिक विश्वास जताया। सही मायने में देखा जाए तो महिला शक्ति गेम चेंजर बन कर सामने आई। कहा तो यहां तक जाने लगा है कि महिलाएं जिनके साथ है सत्ता भी उनके हाथ ही लगेगी।

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत चुनावों चाहे वे लोकसभा के हों या राज्यों की विधानसभाओं के देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने लगे हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीद्वारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आमचुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2024 के आमचुनाव में 74 महिला सांसद चुन कर आई। हांलाकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते है। इस बार महाराष्ट्र चुनावों में 50 महिलाओं को टिकट दिए गए और 21 महिलाएं चुनाव जीत कर विधायक बनी है।

> **विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत चुनावों चाहे वे लोकसभा के हों या राज्यों की विधानसभाओं के देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है।**

सबसे अच्छी बात यह है कि गॉव हो या शहर महिलाएं अब घर की चार दीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी है आज देश की महिलाएं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। चुनावों में उम्मीद्वारी भी जताती है तो चुनाव केंपेन के दौरान अपनी उपस्थिति भी दर्ज कराती है। दूसरी और मतदान में भी आगे आकर हिस्सा लेने लगी है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया या यों कहे कि जिस दल को अधिक मत दिए उसी दल की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हर संभव प्रयास में जुटे हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं और कार्यक्रम ना केवल घोषित किये जा रहे हैं अपितु राजनीतिक दलों के आने वाले चुनाव घोषणा पत्रों में महिला मतदाताओं को लुभाने के हर संभव प्रयास किए जाते हैं। क्योंकि एक बात साफ हो चुकी है कि आज की महिला स्वयं निर्णय लेने में सक्षम है और उसकों दबाव या अन्य तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सकता। कम से कम चुनावों के परिणाम तो इसी और इंगित कर रहे हैं। मजे की बात यह है कि माझी लड़की बहना योजना में 2.50 लाख आय वाली 18 से 60 साल की महिलाओं को इस योजना से जोड़ा गया। इससे यह साफ हो जाता है कि यह वर्ग कमजोर आर्थिक आय वाली महिलाओं का है। यहां साफ हो जाता है कि महिलाओं का यह वर्ग वो वर्ग है जिसके बारें में यह माना जाता है कि इस वर्ग में महिलाएं पुरुषों के निर्णयों पर अधिक निर्भर होती है पर महाराष्ट्र और अन्य प्रदेशों के चुनावी नतीजों से यह साफ हो गया है कि महिलाएं पुरुषों की हां में हां ना मिलाकर स्वयं निर्णय लेने लगी है और उसीसे ताजा नतीजें रुबरु कराते हैं।

खैर यह अलग बात है, पर यह साफ हो चुका है कि देश के लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही है। अब महिला मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। इसे देश और लोकतंत्र दोनों के लिए ही सकारात्मक प्रयास कहा जा सकता है तो दूसरी और दुनिया के देशों के लिए भी भारत की महिलाएं एक मिसाल बन कर सामने आ रही हैं। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि भविष्य के चुनावों में भी राजनीतिक दलों को सत्ता का स्वाद चखना है तो निगाहें महिला मतदाताओं की और रखनी ही होगी।

–अतिथि सम्पादक,
डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
( वरिष्ठ लेखक )

# उच्च शिक्षा – स्ववित्तीय पोषित शिक्षकों की व्यथा



प्रो. अशोक कुमार

**राष्ट्रीय** पुनर्निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। व्यक्तित्व के समग्र विकास एवं राष्ट्र के नागरिक तैयार करने में किसी भी देश में शिक्षा की अहम भूमिका है। शिक्षा संरचना, पाठयक्रम–पाठयचर्या गुणात्मकता, सुलभता तथा देश की संस्कृति के अनुरूप शिक्षा आदि विषयों पर सार्वजनिक चर्चा होती रही है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा किसी भी समाज के विकास का आधार होती है और इस प्रक्रिया में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे न केवल ज्ञान देते हैं बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व का विकास भी करते हैं। जब पूरी दुनिया ने विद्यालय की कल्पना नहीं की थी, उस समय हमारे यहाँ विश्वस्तरीय नालंदा विश्वविद्यालय, तक्षिशला विश्वविद्यालय, और विक्रमशिला विश्वविद्यालय हुआ करते थे। परंतु वर्तमान मे शिक्षा–व्यवस्था की विसंगतियाँ कहीं–न–कहीं बहुत कचोटती है ।

भारत की स्वतंत्रता के बाद, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार हुआ और इसी दौरान स्व–वित्तपोषित शैक्षिणक संस्थानों का उदय हुआ। इन संस्थानों ने उच्च शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1980 और 90 के दशक में निजीकरण और उदारीकरण की नीतियों के कारण स्व–वित्तपोषित शैक्षणिक संस्थानों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई। सरकारी महाविद्यालयों में सीमित सीटों के कारण, सभी छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर नहीं मिल पाता था । सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित किया, जिसके परिणामस्वरूप कई नए स्ववित्तीय पोषित शिक्षण संस्थान स्थापित हुए। स्ववित्तीय पोषित शिक्षण संस्थान वे संस्थान होते हैं जो सरकार से सीधी आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं करते हैं। ये संस्थान अपने खर्चों को पूरा करने के लिए विभिन्न स्त्रोतों जैसे कि फीस, दान, और अन्य आय के माध्यम से धन जुटाते हैं। 21वीं सदी में उच्च शिक्षा के प्रति बढ़ती मांग के कारण स्व–वित्तपोषित शैक्षणिक संस्थानों की संख्या में और वृद्धि हुई। शिक्षा में निजीकरण के उदय के साथ इस विचार ने महत्वपूर्ण गति प्राप्त की, विशेष रूप से भारत में, जहां सरकार ने निजी विश्वविद्यालयों को स्व–वित्तपोषित आधार पर संचालित करने की अनुमति देनी शुरू कर दी, जिसका अनिवार्य रूप से अर्थ था कि वे संचालन को बनाए रखने के लिए पर्याप्त सरकारी धन के बजाय छात्र शुल्क पर निर्भर रहेंगे । स्ववित्तीय पोषित शिक्षण संस्थानों के विभिन्न प्रकार है जैसे निजी विश्वविद्यालय: ये विश्वविद्यालय पूरी तरह से निजी धन पर चलते हैं। वे अपनी स्वयं की पाठ्यक्रम, फीस संरचना और प्रवेश मानदंड निर्धारित करते हैं। डीम्ड विश्वविद्यालय: ये विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त होते हैं और उन्हें विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाता है। वे स्वायत्त होते हैं और अपनी नीतियां स्वयं बना सकते हैं। कॉलेज: ये संस्थान विश्वविद्यालयों से संबद्ध होते हैं और स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। संस्थान: ये संस्थान किसी विशेष विषय या क्षेत्र में विशेषज्ञता रखते हैं। उदाहरण के लिए, मेडिकल संस्थान , प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रबंधन संस्थान आदि। इन स्ववित्तीय पोषित शिक्षण संस्थानों ने विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों की पेशकश शुरू की, जिससे छात्रों के पास अधिक विकल्प उपलब्ध हुए। सरकार की नई शिक्षा नीतियों ने निजी क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में आने के लिए प्रोत्साहित किया। बढ़ती जनसंख्या और शिक्षा के प्रति जागरूकता: बढ़ती जनसंख्या और शिक्षा के प्रति जागरूकता के कारण उच्च शिक्षा की मांग में वृद्धि हुई।

वर्तमान मे (2021–22) की रिपोर्ट के आधार पर पंजीकृत 1168 विश्वविद्यालयों में से 685 सरकारी प्रबंधन वाले हैं 10 निजी डीम्ड और 473 निजी हैं। पंजीकृत कॉलेज 45473 हैं। महाविद्यालयों में से 21.5 प्रतिशत कॉलेज सरकारी कॉलेज हैं, 13.2 प्रतिशत निजी (सहायता प्राप्त) हैं और 65.3 निजी (गैर–सहायता प्राप्त) हैं। सरकारी कॉलेज कुल महाविद्यालयों का 21.5 प्रतिशत हिस्सा हैं, 13.3 प्रतिशत निजी (सहायता प्राप्त) कॉलेज हैं, है, जबकि 65.2 प्रतिशत निजी (गैर–सहायता प्राप्त) कॉलेज हैं, जिनमें छात्रों का कुल नामांकन का केवल 44.6 प्रतिशत है।

आज एक बहुत ही मुख्य विषय है कि क्या शिक्षा के लिए जो शिक्षण संस्थान खुले जा रहे हैं विशेष तौर से निजी क्षेत्रों में क्या यह शिक्षा के लिए खुले जा रहे हैं या व्यवसाय के लिए खोले जा रहे हैं यह बहुत ही गंभीर विषय है इस पर गहन चिंतन की आवश्यकता है ! निजी कॉलेज क्यों तेजी से बढ़ रहे हैं, क्योंकि उन्हें तेजी से बढ़ने दिया गया है। ऐसे अधिकांश संस्थान वास्तव में शैक्षिणक संस्थानों की आड़ में रियल एस्टेट रैकेट हैं। उनमें से अधिकांश राजनेताओं और बिल्डरों द्वारा नियंत्रित हैं। किसी बड़े शहर में विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए भूमि की आवश्यकता नए खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी बाधा की तरह लगती है, जिनके पास बहुत अधिक धन या राजनीतिक संबंध नहीं होते। यह निजी शिक्षा क्षेत्र पर पर्याप्त संसाधनों वाले व्यक्तियों, अक्सर राजनेताओं द्वारा एकाधिकार करने में योगदान देता है।

एक और भी प्रश्न मन में आता है की शिक्षा के क्षेत्र में निजी करण से वास्तविक लाभ किसको है – सरकार को है या छात्रों को है या प्रबंधकों को है ! उच्च शिक्षा की गुणवत्ता दिन–प्रतिदिन कम होती जा रही है। डिग्री महाविद्यालयों के स्ववित्तपोषित शिक्षक अत्यधिक निराश महसूस कर रहे हैं अधिकांश मामलों में हमारे पास सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में भी उचित योग्य शिक्षक नहीं हैं। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुल 6,549 फैकल्टी के पद खाली हैं। उनमें से अधिकांश दिल्ली विश्वविद्यालय में हैं, जहां 900 रिक्त पद हैं, इसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 622 पद, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में 532 पद और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 498 पद और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में 326 रिक्त संकाय पद हैं। विकसित देश में शिक्षा का भविष्य अस्थायी शिक्षकों के सहारे पर निर्भर है जिनको विभिन्न नाम से जाना जाता है । अस्थायी, एडहॉक, संविदा, पार्टटाइमर, अतिथि, मानद, विजिटिंग, आवश्यकता आधारित, एमओयू प्रोफेसर, शोध विद्वान, ऑनलाइन अतिथि संकाय, स्व अध्ययन। विदेश में: प्रतिस्थापन, सत्रीय, सहायक शिक्षक। शिक्षा का विकास सिर्फ कॉलेज खोलने से नहीं होता ! सरकार ने अब तक समय में नए कॉलेज खोलकर एक कीर्तिमान स्थापित किया है लेकिन क्या स्थिति वाकई ऐसी है कि उस पर गर्व किया जाए? क्या केवल कॉलेज विश्वविद्यालय खोल देने से ही उन लक्ष्यों की प्राप्ति हो जाती है जिनके लिए उन्हें खोला जाता है ? काश ऐसा होता जब हम इन उच्च शिक्षण संस्थाओं के यथार्थ से परिचित होने का प्रयास करते हैं तो जो तस्वीर उभरती है वह न केवल निराश करती है बल्कि अपनी नीति निर्माताओं के प्रति नाराजगी भी उठ जाती है! शिक्षण संस्थाओं के लिए आधारभूत ढांचा जिसमें इमारत व अन्य सुविधाएं शामिल है, पर्याप्त शिक्षक एवं सहायक कर्मचारी सक्षम नियंत्रण तंत्र की जरूरत होती है ! हालत यह है जो कॉलेज नए खोले गए हैं उनमें से ज्यादा के पास खुद की जमीन तक नहीं है और किराए के भवनों में चल रहे हैं । बहुत सारे कॉलेज तो प्राइमरी स्कूलों के भवन में चल रहे हैं! अनेक महाविद्यालयों में ना प्रयोगशाला, ना पुस्तकालय और ना विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त कमरे और फर्नीचर हैं। यह एक कटु यथार्थ है । क्या यह शिक्षा साधन सुविधा विहीन कॉलेज व विश्वविद्यालय उस उद्देश्य की पूर्ति करने में पूरी तरह सक्षम है जिनके लिए उन्हें स्थापित किया गया है ? बिना शिक्षक, बिना पुस्तकालय, बिना प्रयोगशाला के कैसी पढ़ाई हो सकती है ! बहुत दुख की बात है की कई प्रदेश में एक ही शिक्षक कई महाविद्यालयों में कार्यरत दिखाया गया है ! निजी संस्थान में शिक्षकों का शोषण होता है। न्यूनतम शिक्षक और छात्रों का अधिकतम नामांकन। सेल्फ फाइनेंस संस्थानों में शिक्षकों की स्थिति काफी दयनीय है। कई राज्यों में स्व–वित्तपोषण संस्थानों के लिए कोई अधिनियम, परिनियंवली नहीं है। निजी विश्वविद्यालयों और स्व–वित्तपोषण संस्थानों में यह प्रावधान है कि शिक्षण और गैर–शिक्षण कर्मचारियों की सभी नियुक्तियाँ यूजीसी मानदंडों: के अनुसार की जाएंगी लेकिन वेतनमान सरकार द्वारा विनियमित की जाएंगा। स्व–वित्तपोषण संस्थानों, मेडिकल और इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में भी शिक्षकों, के वेतन को लेकर लंबे समय से असंतोष व्याप्त रहा है। इन संस्थानों में शिक्षकों को अक्सर सरकारी महाविद्यालयों के शिक्षकों की तुलना में काफी कम वेतन दिया जाता है। सेल्फ फाइनेंस डिग्री महाविद्यालयों में शिक्षकों का मासिक वेतन 5–5 हजार रुपये है ( मेडिकल और इंजीन्यरिंग को छोड़ कर )। इन शिक्षकों से ज्यादा एक दिन की दिहाड़ी 600 रुपये तो मजदूर पाता है। अगर औसत निकाला जाए तो अधिकतम वेतन 10 से 12 हजार रुपये तक है। ये स्थिति तब है जबकि विश्विविद्यालय अनुदान आयोग नियमित शिक्षकों के जितना वेतन इन्हें भी देने को कहती है। उच्च शिक्षा मे इतिहास, हिंदी जैसे विषयों को पढ़ाने वाले शिक्षकों का वेतन तो और भी कम है। इन विषयों को पढ़ाने वाले शिक्षकों को पांच–पांच हजार रुपये तक का वेतन दिया जाता है। इस पर भी साल में सिर्फ 11 महीनों का वेतन मिलता है। यह समस्या कई कारणों से जटिल है ! ये संस्थान सरकार से स्वायत्त होते हैं, जिसके कारण वे अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए स्वयं जिम्मेदार होते हैं। इन संस्थानों में फीस संरचना मे बहुत अंतर है । भारत में कई निजी विश्वविद्यालय हैं जो लाखों (5–30 लाख तक) में ट्ययूशन फीस के साथ स्नातक कार्यक्रम प्रदान करते हैं उदाहरण के लिए मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, अमृता विश्व विद्यापीठम, अमृता विश्व विद्यापीठम, वीआईटी यूनिवर्सिटी, क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, अशोका यूनिवर्सिटी , इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस एंड फाइनेंस, वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी):, एसआरएम इंस्टीट्ययूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी:, लेकिन विभिन्न राज्यों मे स्ववित्त् पोषित डिग्री महाविद्यालयों में बीएससी, बीकॉम का शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा सुनिश्चित सिर्फ 5000 – 6000 रुपए वार्षिक है । छात्रों द्वारा ली गई शिक्षण फीस पूरी तरह से शिक्षकों के वेतन पर खर्च नहीं होती है। शिक्षकों की भर्ती के लिए बाजार में प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक होती है, जिसका फायदा उठाकर संस्थान कम वेतन पर शिक्षकों की भर्ती करते हैं। भारत में मेडिकल और इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में भी स्ववित्तीय पोषित संस्थानों का तेजी से विस्तार हुआ है। ये संस्थान आमतौर पर उच्च फीस लेते हैं और दावा करते हैं कि वे उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं। हालांकि, इन संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों को भी अक्सर वेतन के मामले में शोषण का सामना करना पड़ता है। यह समस्या न केवल शिक्षकों के लिए चिंता का विषय है बल्कि छात्रों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के अधिकार के लिए भी खतरा है। समस्या का मूल कारण लागत वसूली का दबाव है । स्ववित्तीय पोषित संस्थानों पर उच्च लागत वसूली का दबाव होता है। वे अपनी बुनियादी सुविधाओं, कर्मचारियों के वेतन और अन्य खर्चों को पूरा करने के लिए अधिक से अधिक फीस वसूल करते हैं। इस दबाव में वे अक्सर शिक्षकों के वेतन पर कंजूसी करते हैं । यही नहीं बहुत से महाविद्यालयों में अनुमोदित शिक्षकों की जगह किसी और से काम लिया जाता है। शिक्षक–प्राचार्य नियमित तौर पर उपस्थित नहीं रहते और पढ़ाई की गुणवत्ता पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जाता है। इक्का–दुक्का महाविद्यालयों को छोड़कर ज्यादातर की यही स्थिति है। स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की आय का एकमात्र जरिया फीस ही है इसलिए इसे बढ़ाने के अलावा उच्च शिक्षा की दशा और दिशा सुधारने का दूसरा कोई विकल्प नहीं है।

कई निजी महाविद्यालयों का तर्क है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज की आय उतनी नहीं हो पाती है। वहीं यूजीसी की योग्यता के शिक्षक नहीं मिल पाते। संस्थान कम वेतन पर शिक्षकों की भर्ती करते हैं। कम वेतन के कारण योग्य शिक्षक इन संस्थानों में काम करने से हिचकिचाते हैं। इससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होती है। कम वेतन और असुरक्षित कार्य वातावरण के कारण योग्य शिक्षक इन संस्थानों को छोड़कर अन्य जगहों पर रोजगार की तलाश करते हैं। योग्य शिक्षकों की कमी से शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट आती है। छात्रों को कम गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलती है और उन्हें उच्च फीस देनी पड़ती है। कम गुणवत्ता वाले शिक्षक, डॉक्टर और इंजीनियरों का उत्पादन होने से समाज को नुकसान होता है। इन संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों को अक्सर सरकारी महाविद्यालयों के शिक्षकों की तरह सुरक्षा और अधिकार प्राप्त नहीं होते हैं। वेतन, कार्यकाल और पदोन्नति के मामले में वे संस्थान प्रबंधन के दया पर निर्भर रहते हैं। कई विश्वविद्यालयों ने अपने परिसर के स्ववितपोषित शिक्षकों को एक अच्छा वेतन एवं अन्य सुविधाओं देने की माँग को स्वीकार कर लिया है लेकिन विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों के वेतन में कोई बदलाव नहीं किया गया है । कई संस्थान शिक्षकों पर विभिन्न प्रकार की पाबंदियां लगाते हैं जैसे कि अनुपस्थिति के लिए जुर्माना, लक्ष्य पूरे नहीं करने पर वेतन काटा जाना आदि। इसको लेकर कई बार विभिन्न प्रदेशों मे सरकार तक शिकायतें की गईं. लेकिन, कोई बदलाव नहीं आया क्योंकि सूत्रों के अनुसार ज्यादातर शिक्षण संस्थान नेता, मंत्री, विधायक और अधिकारियों के संपर्क मे या उनका इन संस्थानो से सीधे या अप्रता अप्रातक्ष रूप से जुड़े हैं। ऐसे में वह भी इनमें बदलाव नहीं चाहते हैं ।

स्ववित्तीय पोषित डिग्री महाविद्यालय, मेडिकल और इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में शिक्षकों के वेतन की समस्या के समाधान के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं । सरकार को इन संस्थानों में शिक्षकों के वेतन को लेकर स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने चाहिए। संस्थानों को अपने वित्तीय विवरणों को सार्वजनिक करना चाहिए ताकि शिक्षक यह जान सकें कि संस्थान कितना मुनाफा कमा रहा है और शिक्षकों के वेतन पर कितना खर्च हो रहा है। संस्थानों को अपनी वित्तीय स्थिति और फीस संरचना के बारे में पूरी तरह से पारदर्शी होना चाहिए। शिक्षकों को कर्मचारी संघों का गठन करके अपनी आवाज को मजबूत बनाना चाहिए। शिक्षकों को नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए ताकि वे अपनी क्षमताओं को विकसित कर सकें। छात्रों को भी इस मुद्दे के प्रति जागरूक होना चाहिए और शिक्षकों के अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए। सरकार, संस्थान, शिक्षक और छात्र सभी को इस समस्या के समाधान के लिए अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

– प्रो. अशोक कुमार,
पूर्व कुलपति कानपुर,
गोरखपुर विश्वविद्यालय,
विभागाध्यक्ष राजस्थान
विश्वविद्यालय

## राशिफल गुरूवार 28 नवम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, चित्रा नक्षत्र प्रातः 7:36 तक, सौभाग्य योग सायं 4:01 तक, गर करण सायं 7:32 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृश्चिक, चन्द्रमा–तुला, मंगल–कर्क, बुध–वृश्चिक, गुरू–वृष, शुक्र–धनु, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज प्रदोष व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:19 तक, चर 10:56 से 12:15 तक, लाभ–अमृत 12:15 से 2:52 तक, शुभ 4:10 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:00, सूर्यास्त 5:29

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**सिंह**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आज महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
घर/परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। परिवार में आपसी अनबन हो सकती है। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

## "बाल विवाह मुक्त भारत" अभियान को राजस्थान महिला कल्याण मण्डल का समर्थन

**अजमेर** (कासं)। भारत सरकार की ओर से नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत के बाद जिला प्रशासन ने राजस्थान महिला कल्याण मण्डल के सहयोग से रैलियों व शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस मौके पर जिला कलेक्ट्रेट अजमेर में हुए समारोह में अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं जिला बाल संरक्षण ईकाई के सहायक निदेशक संजय सांवलानी ने बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं एवं पदाधिकारियों को बाल विवाह के विरूद्ध शपथ दिलाई, साथ ही संस्था मुख्यालय चाचियावास में संयुक्त निदेशक अनुराग सक्सेना, अतिरिक्त निदेशक तरूण शर्मा, लेखाधिकारी नेमीचन्द वैष्णव, सागर कॉलेज के इन्चार्ज डॉ. भगवान सहाय शर्मा की उपस्थिति में उपनिदेशक नानूलाल प्रजापति ने कॉलेज के छात्र–छात्राओं सहित स्टाफ को बाल विवाह मुक्त अजमेर के लिए शपथ दिलाते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी । राजस्थान महिला कल्याण मण्डल बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' का सहयोगी संगठन है जो कि राजस्थान के 6 जिलों में बाल विवाह की रोकथाम एवं जागरूकता के लिए पिछले 3 वर्ष से कार्य कर रहा है। भारत सरकार के नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के उद्घाटन के मौके पर संस्था ने अपने कार्यक्षेत्र के अजमेर, नागौर, बीकानेर, चुरू, झुन्झुनू, तथा डीडवाना–कुचामन जिलों जागरूकता रैलियों का आयोजन किया और लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। संस्था टीम ने जिले के 50 से अधिक गॉवों में स्कूली बच्चों, महिलाओं और पंचायत प्रतिनिधियों व अन्य को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। जिले में जगह–जगह हुए कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) के अलावा बाल विवाह पीड़िताओं ने भी भागीदारी की और बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। यह कार्यक्रम देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत' के आव्हान के समर्थन में किया गया, जिसका उद्घाटन 27 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पंचायतों और स्कूलों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। उम्मीद की जा रही है कि जल्दी ही शपथ लेने वालों की संख्या 25 करोड़ तक पहुंच जाएगी । इस मौके पर बाल विवाहों की सूचना व शिकायत के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल भी शुरू किया गया। इस राष्ट्रव्यापी अभियान और जमीन पर इसके असर की चर्चा करते हुए संस्था के निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाल विवाह के खात्मे के लिए महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया अभियान इस बात का सबूत है कि सरकार इस सामाजिक बुराई की गंभीरता से अवगत है। अभियान की विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने में संस्था टीम के दीपक जोरम, सत्तार मोहम्मद, ज्योति मण्डरावलिया, योगिता गौड़ ने सहयोग किया।

## कोटा के प्रत्यक्ष ने सबसे कम उम्र के योग टीचर का विश्व रिकॉर्ड बनाया



कोटा में रहने वाले प्रत्यक्ष ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है ।

**कोटा,** (निसं)। जिस उम्र में बच्चों को योग के नाम भी नहीं आते उस उम्र का एक योग टीचर कोटा में रहता है। वह कई बच्चों और बड़ी उम्र के लोगों को ट्रेनिंग दे रहा है।

इस योग टीचर के नाम अब विश्व रिकॉर्ड भी जुड़ गया है। यह उपलब्धि उन्हें अक्टूबर 2024 में ही मिला है। जिसके बाद प्रत्यक्ष ने विश्व के सबसे छोटे (कम उम्र) के योग टीचर होने का रिकॉर्ड बना लिया है। उन्हें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने पूरी प्रक्रिया के बाद सर्टिफिकेट दिया है। इस सर्टिफिकेट और रिकॉर्ड के लिए उन्होंने लंबी मेहनत की है। प्रत्यक्ष बोरखेड़ा स्थित देवाशीष सिटी में अपने परिवार के साथ रहते हैं और यह सबकुछ उन्होंने अपनी मां दीक्षा विजय से ही सीखा है। इसके बाद प्रोफेशनल योग क्लास लिए और सिखाने लग गए हैं। प्रत्यक्ष के पिता गौरव विजय का कहना है कि सबसे कम उम्र के योगा टीचर बनने यह रिकॉर्ड उनके बेटे ने 6 साल की उम्र में ही बना लिया जबकि 4 साल की उम्र से वह योग सीखने लग गया था, 5 साल की उम्र में सिखाने भी लग गया था। फिलहाल, प्रत्यक्ष की उम्र 7 साल है। रिकॉर्ड के लिए उन्होंने बीते साल अप्लाई किया था। इससे पहले यह रिकॉर्ड दुबई की एक लड़की के नाम था। वह साढ़े सात साल की थी। प्रत्यक्ष का कहना है कि बच्चों को स्मार्टफोन से दूर रहना चाहिए। वह खुद स्मार्टफोन का उपयोग नहीं करते हैं। अपनी मां और पिता के फोन को नहीं छूते हैं। केवल बात करने के लिए ही फोन लेते हैं। अन्य बच्चों की तरह गेम्स और कार्टून का शौक उन्हें नहीं है। कुछ देर टेलीविजन जरूर देखते हैं। सबसे छोटे योग गुरु का खिताब लेने के बाद उनकी इच्छा है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करें। साथ ही जंक फूड से बच्चों को दूर रहने की सलाह देते हैं।





## गाजर मंडी की कवायद शुरू

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** बजट में श्रीगंगानगर के लिए गाजर मंडी बनाने की घोषणा के बाद अब इस संबंध में कवायद तेज हो गई है। मंडी समिति के संयुक्त निदेशक शिवसिंह भाटी ने इस संबंध में मंडी के प्रस्तावित स्थल का दौरा किया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में बुधवार को हुई अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भी चर्चा की। हालांकि भूमि अधिग्रहण की स्वीकृति मिलने के बाद मंडी स्थापित होने का रास्ता खुल जायेगा।

श्रीगंगानगर और पंजाब के किसान कई साल से श्रीगंगानगर से सात किलोमीटर दूर गांव साधुवाली में गंगनहर के किनारे गाजर मंडी का संचालन कर रहे हैं। यहां किसान सीधे खेत से गाजर लाते हैं। नहर के किनारे मशीनें लगाकर इनकी धुलाई करते हैं और धुलाई हो जाने के बाद मौके पर होने वाली बोली में तय रेट के अनुसार इसकी बिक्री करते हैं।

मंडी जिस जगह लगती है वह स्थान पंजाब सीमा से भी करीब डेढ़ किलोमीटर दूर है। ऐसे में पंजाब के गांवों के लोग भी यहां गाजर बेचने आते हैं। कृषि उपज मंडी समिति के ज्वाइंट डायरेक्टर शिवसिंह भाटी ने बताया कि उन्होंने एक-दो दिन पहले जगह देखी है। जिला कलेक्टर के स्तर से तमाम औपचारिकताएं पूरी कर मंडी स्थापित करने के प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवा दिए गए हैं।

# वैधता अवधि पार कर चुके वाहन सड़क पर ना चलें : वृष्णि

**बीकानेर,(कासं)।** जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि वैधता अवधि पार कर चुके वाहन सड़क पर ना चले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ऐसे वाहनों की जांच के लिए परिवहन और पुलिस को संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

- पुराने कंडम हो चुके वाहनों को सार्वजनिक स्थानों पर नहीं चलने के निर्देश दिए

जिला पर्यावरण समिति की बुधवार को आयोजित बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि ऐसे कई पुराने ऑटो तथा अन्य वाहन सड़कों पर दिखते हैं जिनकी फिटनेस वैधता अवधि पार हो चुकी है। दोनों विभाग संयुक्त कार्यवाही कर इन वाहनों को सड़कों से हटवाना सुनिश्चित करें। पुराने कंडम हो चुके वाहन सार्वजनिक स्थानों पर ना मिले। वृष्णि ने सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम के लिए निगम और प्रदूषण संयुक्त कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि शहरी क्षेत्र में कुछ वार्ड तथा चयनित गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट चलाया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम के लिए जागरूकता गतिविधियां आयोजित करें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए मोटर वाहन अधिनियम और प्रदूषण अधिनियम के तहत कार्रवाई हो। साइलेंट जोन का चिन्हीकरण किया जाए। जिला कलेक्टर ने अवैध आरा मशीन की धरपकड़ आदि के संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए कहा कि एक भी अवैध आरा मशीन ना चले इसके लिए सख्त मॉनिटरिंग की जाए। मुखबिर सूचना तंत्र को मजबूत करें। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण तथा डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान के क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

बैठक में डीएफओ डॉ एस शरथ बाबू ने गत बैठक के एजेंडा में हुई प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान सीएमएचओ डॉ राजेश गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित एवं निस्तारित प्रकरणों की समीक्षा बैठक शुक्रवार प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जिला पर्यावरण समिति की बैठक को संबोधित किया।

## मतदाता सूची में पात्रों के नाम जोड़े

**बीकानेर,(कासं)।** मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिले के राजकीय तथा निजी विद्यालयों में 18 वर्ष से अधिक उम्र के पात्र युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई।

शिक्षा विभाग के स्वीप कार्यक्रम अधिकारी अनिल बोड़ा ने बताया कि पात्र विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा उनके परिजनों एवं पात्र युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने के लिए संदेश दिया गया।

उन्होंने बताया कि बीकानेर बॉयज स्कूल, नालंदा पब्लिक स्कूल, एम.एम. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सूरसागर बालिका विद्यालय, गुरुकुल विद्यालय, लक्ष्मीनाथ घाटी स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुरलीधर व्यास कॉलोनी स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, भीनासर स्थित जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीरामसर, राजकीय बालिका विद्यालय नत्थूसर बास, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगा चिल्ड्रन सहित विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम हुए।

## सार-समाचार

### देवेन्द्र सारस्वत ने जीता गोल्ड मैडल

**बीकानेर, (कासं)।** जम्मू-कश्मीर स्थित शेरे कश्मीर इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स श्रीनगर में आयोजित ऑल इंडिया पेनचाक सिलाट चैम्पियनशिप में राजस्थान राज्य खान व खनिज विभाग के देवेन्द्र कुमार सारस्वत ने नेशनल मैडल जीतकर खनिज विभाग और बीकानेर का मान बढ़ाया है। राजस्थान प्रदेश की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए देवेन्द्र कुमार सारस्वत ने 70 से 75 केजी भारवर्ग में सीनियर मास्टर मेल टेंडिंग फाइट इवेंट में नेशनल गोल्ड मैडल जीतकर इतिहास रच दिया। देवेन्द्र कुमार सारस्वत ने इस उपलब्धि का श्रेय स्टेट सेक्रेटरी पुरनमल जाट तथा इंडियन पेनचाक सिलाट फैडरेशन सीईओ मोहम्मद इकबाल सर को दिया है। देवेन्द्र कुमार सारस्वत के नेशनल मैडल जीतकर बीकानेर लौटने पर बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, राजस्थान राज्य खान व खनिज बीकानेर जिप्सम डिविजन इंचार्ज महाप्रबंधक देवी शंकर आचार्य, राजस्थान राज्य खान व खनिज कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष राकेश ओझा, जिप्सम शाखा अध्यक्ष ललित राज बनिया ने स्वागत अभिनंदन किया। वहीं कापोरेट कार्यालय शाखा महासचिव सत्यनारायण गुप्ता, लाइमस्टोन शाखा महामंत्री राहुल दवे, लिग्नाइट शाखा अध्यक्ष अनिल शर्मा, डिस्ट्रिक्ट पेनचाक सिलाट एसोसिएशन जोइंट सेक्रेटरी धनंजय सारस्वत, पेनचाक सिलाट समिति राजस्थान स्टेट जाइंट सेक्रेटरी भुनेश सैनी तथा नेशनल रेफरी अमित कुमार तथा भारतीय खान धातु मजदूर महासंघ व आरएसएमएम कर्मचारी संघ सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता जताई है।

### परिषद प्रशासक ने कार्यभार संभाला

**हनुमानगढ़, (कासं)।** नगर परिषद के प्रशासक नियुक्त किए गए अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदी लाल मीणा ने बुधवार सुबह टाउन स्थित नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके बाद प्रशासक ने व्यवस्था देखी और अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में अधिकारियों व कर्मचारियों से एक्शन प्लान की जानकारी ली। प्रशासक ने कहा कि विकास कार्य समय अवधि में पूर्ण हों ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो। नगर परिषद में आने वाले व्यक्ति के साथ अच्छा व्यवहार करें। उनकी समस्या के समाधान के लिए सहायक बनें न कि बाधक। समय पर कार्यालय पहुंचे। कार्यालय समय में अन्यत्र न जाएं। गौरतलब है कि नगरीय निकाय के चुनाव टलने के बाद 32 सालों बाद नगर परिषद की कमान फिर से प्रशासक के हाथ में आई है। राज्य सरकार की ओर से सोमवार देर रात आदेश जारी कर एडीएम उम्मेदी लाल मीणा को नगर परिषद का प्रशासक नियुक्त किया गया। एडीएम उम्मेदी लाल मीणा ने कहा कि एसटीपी के जरिए ट्रीटेड पानी को किसानों को उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। बकाया नगरीय टैक्स आदि को रिव्यू कर आय के स्त्रोत बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। प्राथमिकताओं से अवगत करवाते हुए प्रशासन मीणा ने कहा कि विकास कार्यों को समय अवधि में पूर्ण करवाया जाएगा।

### अपहरण मामले में तीन साल की सजा

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** घर के बाहर से 14 वर्षीय एक किशोरी का अपहरण कर बंधक बनाने की घटना के मामले में पोक्सो एक्ट मामलों की विशेष अदालत (संख्या-01) के न्यायाधीश सुरेन्द्र खरे ने एक आरोपी को मंगलवार को 3 वर्ष की सजा सुनाते हुए जुर्माना लगाया। वहीं दूसरे आरोपी को संदेह का लाभ देकर आरोप मुक्त कर दिया। विशिष्ट लोक अभियोजक हरवीर सिंह बराड़ ने बताया कि जिले के सूरतगढ़ थाना क्षेत्र में यह घटना 29 मार्च को रात 9:30 बजे की है। एक 14 वर्षीय बालिका घर का दरवाजा बंद करने जा रही थी। वह घर के बाहर खड़ी थी। तभी पास के ही मकान में किराये पर रहने वाले दो युवक कलवंत पुत्र हेतराम निवासी चक 19 एनपी थाना रायसिंहनगर और राकेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी चक 6-एसकेएम थाना रावला उसका मुंह दबाकर अपने किराये के कमरे में ले गए। दोनों युवकों ने किशोरी के कपड़े फाड़ दिए और चेहरे पर नाखून गड़ा दिए। बालिका को परिवार वाले गली में तलाश करने लगे। तभी आरोपी युवकों ने बालिका को धमकाया कि वह कुछ भी नहीं बोले। उसे जान से मारने की धमकी दी गई। यही नहीं उसे बाहर की तरफ बने बाथरूम में बंद कर दिया और बाथरूम का गेट बाहर से बंद कर दिया। बाद में इसी बाथरूम से बालिका को उसकी मां और आंटी ने बाहर निकाला।

# पूरा पानी नहीं मिला तो किसानों का धरना

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** किसान संगठनों के आव्हान पर गुरुद्वारा सिंहसभा में किसानों की बैठक हुई। इसमें पंजाब से पूरा पानी नहीं मिलने से हो रहे नुकसान सहित विभिन्न मांगों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बोले कि मांगें पूरी नहीं की गई तो 2 दिसम्बर को महाराजा गंगासिंह व जिले के विधायकों व सांसद के घरों के आगे धरना लगाएंगे। किसान संगठनों के आव्हान पर मंगलवार दोपहर 12 बजे किसानों ने गुरुद्वारा सिंहसभा में बैठक की। इसमें किसानों ने पंजाब से पूरा सिंचाई पानी नहीं मिलने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मंथन किया। इस मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए गंगनहर प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविंद्र सिंह गिल, ग्रामीण किसान मजदूर समिति के प्रवक्ता संतवीर सिंह मोहनपुरा व रामकुमार सहारण ने किसानों की विभिन्न मांगों पर चर्चा करते हुए बताया कि पंजाब से आरडी 45 से खखां हैड पर 4600 वाल्व बीकानेर कैनाल में लगे हुए हैं।

- महाराजा गंगासिंह व जिले के विधायकों व सांसद के घरों के आगे धरना लगाएंगे

## सड़क निर्माण की मंजूरी

**बीकानेर, (कासं)।** खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल की अभिशंसा पर स्थानीय निकाय विभाग द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से नगरीय निकायों में होने वाली सड़क निर्माण के तहत खाजूवाला नगर पालिका क्षेत्र में 2 हजार 230 मीटर सड़क निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां जारी की है। विधायक डॉ. मेघवाल ने बताया कि नगर पालिका खाजूवाला में हॉस्पिटल रोड से तेरापंथ भवन की ओर साढ़े चार सौ मीटर सड़क निर्माण के लिए 27 लाख, वार्ड 5 में वोडाफोन टावर से लेकर श्याम बाबा के मंदिर तक 650 मीटर लंबी सड़क के लिए 18.85 लाख, छगन नायक के घर से निरंकारी भवन होते हुए मुख्य सड़क तक बनेगी।

# प्रिंसिपल के साथ गाली-गलौच कर की मारपीट

- लाठी के साथ ऑफिस में घुसे बदमाश
- मारपीट की घटना स्कूल में लगे कैमरे में कैद हो गई जिसका वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है

**हनुमानगढ़, (कासं)।** यहां 2 एमडी स्कूल में घुसकर प्रिंसिपल के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज, मारपीट करने सहित स्कूल के रिकॉर्ड फेंकने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ तलवाड़ा थाने में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। स्कूल में हुए इस घटनाक्रम का वीडियो भी सीसीटीवी में कैद हो गया।

घटना के बाद से ही टीचर्स संगठनों और प्रिंसिपलों में खासा रोष व्याप्त हुआ था। जिसके चलते एसपी दफ्तर पहुंच सभी ने मंगलवार को आक्रोश प्रकट करते हुए मांग पत्र सौंपा था। तलवाड़ा पुलिस ने प्रधानाचार्य की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तलवाड़ा थाना पुलिस के अनुसार चक दो एमडी के महात्मा गांधी राजकीय स्कूल के प्रिंसिपल रतनलाल पुत्र साहबराम निवासी वार्ड 27 रावतसर हाल प्रिंसिपल महात्मा गांधी स्कूल 2 एमडी मेहरवाला दर्ज करवाते हुए बताया कि वे 23 नवम्बर की दोपहर करीब 2.30 बजे छठे पीरियड के दौरान कार्यालय में बैठकर राजकीय कार्य कर रहा था। उस समय कार्यलय में वरिष्ठ शिक्षक पवन कुमार भी मेरे साथ कार्य कर रहे थे। उसी दौरान भजन लाल भाट एवं गजानंद पुत्र गिरधारी लाल लाठी-डंडे लेकर कायलय में घुसे एवं उन पर जानलेवा हमला करते हुए अभद्रता एवं गाली-गलौज की। स्कूल रिकॉर्ड को फेंकते हुए अस्त-व्यस्त कर राजकार्य बाधित किया। अचानक हुई इस घटना से पूरा स्कूल स्टाफ सहमा हुआ है। ये पूरी मारपीट की घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

# वेतन अधिकारी ही देंगे विदेश जाने की परमिशन

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान के सरकारी कर्मचारियों को अब विदेश जाने के लिए लम्बी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। अब तक विभाग के सर्वोच्च अधिकारी से अनुमति मिलने के बाद ही सरकारी कर्मचारी विदेश यात्रा कर सकता था लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

जिस अधिकारी के हस्ताक्षर से वेतन मिलता है, वो ही अधिकारी विदेश यात्रा के लिए स्वीकृति देने के लिए अधिकृत रहेगा। इससे पहले सरकारी कर्मचारी को अपने अधिकारी को आवेदन करने के बाद जिला स्तर के अधिकारी के पास फाइल जाती थी। वहां से विभाग के सर्वोच्च अधिकारी को आवेदन भेजा जाता था।

स्वीकृति के बाद ही कर्मचारी विदेश जा सकता था। इस कारण बड़ी संख्या में कर्मचारी परेशान होते थे। अब राज्य के वित्त विभाग ने एक फॉरमेट जारी किया। इस फॉरमेट पर ही आवेदन करना होगा। इस परमिशन के लिए कर्मचारी को एक शपथ-पत्र देना होगा, जिसमें ये विश्वास दिलाना होगा कि विदेश यात्रा के दौरान किसी तरह की नौकरी ज्वाइन नहीं करेंगे और किसी से किसी तरह की स्पॉन्सरशिप नहीं लेंगे। विदेश से लौटने के बाद परमिशन देने वाले अधिकारी को सूचना देंगे।

## मरू नवकिरण पत्रिका का लोकार्पण 1 को

**बीकानेर,(कासं)।** शब्दरंग साहित्य एवं कला संस्थान के तत्वावधान में 1 दिसम्बर को अपरान्ह 4.15 बजे नत्थूसर गेट के बाहर लाली बाई बगेची से आगे मुरलीधर व्यास नगर रोड पर स्थित स्वामी सदन में डॉक्टर अजय जोशी के संपादन में प्रकाशित साहित्य, कला, संस्कृति की त्रैमासिक पत्रिका मरू नवकिरण के बहुआयामी साहित्यकार डॉ. शंकरलाल स्वामी पर केंद्रित विशेषांक का लोकार्पण किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक राजाराम स्वर्णकार ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि कथाकार और संस्कृतिकर्मी राजेन्द्र जोशी करेंगे।

# दो बाइक की भिड़ंत में घायल व्यक्ति की मौत

- गांव भोमपुरा के नजदीक हुआ हादसा, बाइक सवार के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज

**हनुमानगढ़, (कासं)।** टाउन थाना क्षेत्र के गांव भोमपुरा के नजदीक दो बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इस संबंध में टाउन पुलिस थाना में बाइक सवार के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार सुरेन्द्र कुमार (45) पुत्र रामस्वरूप जाट निवासी वार्ड 8, गांव चाईया तहसील रावतसर ने मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि उसका चचेरा भाई कृष्ण पुत्र मुखराम जाट निवासी चाईया मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे गांव चाईया से अपने खेत की तरफ बाइक लेकर जा रहा था।

रास्ते में भोमपुरा माइनर से निकलते ही सामने से आ रही दूसरी बाइक पर सवार शेरसिंह पुत्र रामकरण मेघवाल निवासी भोमपुरा ने तेज व लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसके चचेरे भाई कृष्ण की बाइक को टक्कर मार दी।

इससे कृष्ण को चोट आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रावतसर के सरकारी अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान कृष्ण की मौत हो गई। टाउन थाना पुलिस ने रावतसर के गवर्नमेंट अस्पताल की मोर्चरी में रखे शव का पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर ( राज. )**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com, Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3734 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 26.11.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 18 के किला नं. 04 साईज 25 इन्टू 60 फीट, भूखण्ड संख्या वीसी-52, विद्युत कॉलोनी, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 653 दिनांक 13.12.2000 को श्री पूरन चन्द पुत्र श्री शंकर दास के नाम से जारी किया हुआ है। श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी श्री नितेश भारद्वाज निवासी म.न. 65 बी ब्लॉक, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 06.08.2019 के द्वारा क्रय कर स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे का समर्पण कर लीज होल्ड से फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर


# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़े के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**बीकानेर, (कासं)।** जिले के नोखा तहसील के सोमलसर गांव में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फर्जीवाड़ा कर अपने खातों में लाखों रूपये डलवाने का मामला सामने आया है। जिसके विरोध में गांव के अनेक लोगों ने कलेक्टर कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपते हुए फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि योजना के तहत इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा भ्रष्ट व कूटरचित दस्तावेज पेशकर फसल की बीमा का मुआवजा अपने खातों में डलवा लिया। इतना ही नहीं इस इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि ने ई मित्र संचालकों के साथ मिलकर कृषि भूमि के दस्तावेज भी अपने नाम करवा लिए बताया जा रहा है कि इन सब ने मिलकर करीब 8 लाख 14 हजार 980 रूपये का गबन किया है जिसकी जांच की मांग की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि मदनलाल व उसके भाई भंवरलाल ने अन्यजनों के साथ मिलकर गांव के काफी लोगों के फर्जी सहमति पत्र, शपथ पत्र, फर्जी बुवाई प्रमाण पत्र लगाकर सरकारी राशि का गबन किया है। इतना ही नहीं इन दोनों ने कोमन सर्विस सेन्टर संचालक रामेश्वर लाल सारण के साथ मिलकर खेतों का फर्जी फसल बीमा करवा लिया है। बताया जा रहा है कि श्रीराम जाट के नाम से गांव में पुश्तैनी जमीन है। जिसका खाता संख्या 271 खेत खसरा नं 1061 और 1063 है। जिसमें गांव के डिपो संचालक मदनलाल सारण फर्जी बंटाईदार बनकर रबी फसल 2021 का फसल बीमा करवाकर क्लेम अपने खातों में डलवा लिया।



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़े के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया।

- नोखा तहसील के सोमलसर गांव में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फर्जीवाड़ा कर अपने खातों में लाखों रूपये डलवाने का मामला सामने आया
- इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि ने करीब 8 लाख 14 हजार 980 रूपये का गबन किया

## अनूपगढ़ में 37.09 प्रतिशत छात्रों की बनी अपार आई.डी.

**अनूपगढ़, (कासं)।** राजस्थान में सरकारी और निजी स्कूलों के छात्रों को एकीकृत शैक्षणिक पहचान देने के उद्देश्य से अपार आईडी योजना शुरू की गई है। जिसमें अनूपगढ़ जिले में 37.09 प्रतिशत छात्रों की अपार आई बन चुकी है। जिले में चार ब्लॉक है, जिनमें सबसे ज्यादा रायसिंहनगर और सबसे कम घड़साना ब्लॉक में अपार आईडी बनी है।

डीईओ जितेंद्र कुमार बठला ने बताया कि ये योजना एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी की अवधारणा पर आधारित है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक छात्र को 12 अंकों की एक विशिष्ट आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे यूडाइस पोर्टल के माध्यम से तैयार किया जाएगा।

अनूपगढ़ पूरे राज्य में छात्रों की आईडी बनाने में चौथे स्थान पर है। जबकि पहले स्थान पर राजसमंद 44.5 प्रतिशत, दूसरे स्थान पर डूंगरपुर 40.4 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर दूदू 37.7 प्रतिशत पर हैं।


**कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर (राजस्थान)**

क्रमांक:- नियमन/2024/3735 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 26/11/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामनारायण शर्मा पुत्र श्री जगदीश राय जोशी निवासी चक 5 ई छोटी, नाईयांवाली तहसील व जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकॉर्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है : -

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 33 किला नं. 4 में माप 30 इन्टू 45 फीट में से उपविभाजित माप 30 इन्टू 22.6 फीट भूखण्ड संख्या ए-05 (बी), नाईयांवाली श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड नियमन पट्टा सं. 1811 दिनांक 06-04-2002 को श्री जगदीश राय पुत्र श्री प्रभुदयाल के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री जगदीश राय जोशी की मृत्यु दिनांक 14-09-2020 के उपरांत श्री रामनारायण शर्मा द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा 08-01-2020 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है। इस सम्बन्ध श्री रामनारायण शर्मा पुत्र श्री जगदीश राय जोशी निवासी चक 5 ई छोटी, नाईयांवाली तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/ फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या : SGNR/FY24-25/MUT/1076 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद, हनुमानगढ़**

क्रमांक- 6728-6729 **लोक सूचना** दिनांक- 26.11.2024

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि खातेदार में (1) श्री मनीष कुमार पुत्र श्री तुलसीराम जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 15, पीलीबंगा (2) श्रीमती सुखदेव कौर पत्नी श्री जगसीर सिंह एवं पुत्री श्री मोहन लाल जाति शाहपीनी हाल आबाद हनुमानगढ़ जंक्शन (3) श्रीमती रूपकमल पत्नी श्री दलजीत सिंह जाति जटसिख निवासी हनुमानगढ़ जंक्शन जरिये मुखत्यारआम श्री दीपक सिंगल पुत्र श्री रमेश सिंगल जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 25, श्रीगंगानगर (4) श्री दलजीत सिंह पुत्र श्री परविन्द्र सिंह जाति जटसिख निवासी हनुमानगढ़ जंक्शन जरिये मुखत्यारआम श्री दीपक सिंगल पुत्र श्री रमेश सिंगल जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 25, श्रीगंगानगर (5) श्रीमती अमृतकौर पुत्री श्री जगसीर सिंह जाति जटसिख निवासी हनुमानगढ़ जंक्शन जरिये मुखत्यारआम परविन्द्र सिंह पुत्र श्री जगसीर सिंह जाति जटसिख निवासी हनुमानगढ़ जंक्शन (6) श्री रामप्रसाद बंसल पुत्र श्री गौरी शंकर जाति अग्रवाल निवासी सूरतगढ़ जरिये मुखत्यारआम श्री दीपक सिंगल पुत्र श्री रमेश सिंगल जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 25, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन (आवासीय) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

| जिला - तहसील का नाम | ग्राम का नाम | पत्थर नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| तहसील हनुमानगढ़ जिला हनुमानगढ़ | चक नं. 49 एनजीसी | 123/258 मु.नं. 10 किला नं. 6/0.022, 15/0.025 एवं पत्थर नं. 124/258 मु.नं. 11 किला नं. 8//0.187, 9/0.215, 10/0.215, 11/0.253, 12/0.253/, 13/0.247, 14/0.207 | कुल 1.624 हैक्टेयर भूमि |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक .... को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद् हनुमानगढ़

# “राइजिंग राजस्थान” ग्लोबल बिज़नेस एक्सपो में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में प्रदेश की क्षमता प्रदर्शित होगी

■ एक्सपो में राजस्थान और देश भर से 100 से अधिक कंपनियां और व्यापारिक समूह भाग लेंगे, राजस्थान, महिला उद्यमियों, स्टार्टअप और चुनिंदा देशों के होंगे विशेष पैवेलियन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित हो रहे 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में राजस्थान ग्लोबल बिज़नेस एक्सपो का भी आयोजन किया जाएगा और इसमें राजस्थान और देश भर से 100 से अधिक कंपनियां और व्यापारिक समूह भाग लेंगे। इस ग्लोबल एक्सपो में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में राज्य की क्षमता प्रदर्शित की जाएगी और देश के औद्योगिक परिदृश्य में राजस्थान की अहम भूमिका को दिखाया जाएगा। इस एक्सपो में कई पैवेलियन भी लगाए जाएंगे, जिनमें प्रमुख रूप से राजस्थान का स्टेट-ऑफ-दी-आर्ट पैवेलियन और कुछ चुनिंदा देशों, स्टार्टअप्स और महिला उद्यमियों के लिए लगाए जाने वाले पैवेलियन होगा।

राजस्थान के स्टेट-ऑफ-दी-आर्ट पैवेलियन में राज्य के बारे में विशिष्ट जानकारियां दी जाएंगी। इसके तहत राज्य की अर्थव्यवस्था, समृद्ध विरासत, सांस्कृतिक धरोहरों, प्रमुख और नये या उभरते हुए व्यवसायिक क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं और पहलों को भी प्रदर्शित किया जाएगा और ग्रामीण परिदृश्य को बेहतर बनाने और शहरी सुविधाओं को पुनर्जीवित करने में उनके प्रभाव के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा, इसमें उभरती हुई प्रौद्योगिकियों, स्मार्ट सार्वजनिक वितरण और विभिन्न ई-गवर्नेंस पहलों को भी इंटरैक्टिव पैनलों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।


इसके अलावा, स्टार्ट-अप पैवेलियन में राज्य में मौजूद स्टार्ट-अप्स को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें राज्य की प्रमुख महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्ट-अप्स भी शामिल हैं। इसी तरह, महिला उद्यिमयों के पैवेलियन में महिलाओं के नेतृत्व में सफल व्यवसायों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिन्होंने सरकार द्वारा अपनाई गई नीतियों और पहलों के तहत बड़ी ऊंचाइयों को हासिल किया है। इस पैवेलियन के जरिए ये महिला उद्यमी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में भाग लेने वाले घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के सामने अपने व्यवसायों की जानकारी दे सकेंगी ताकि उनकी उद्यमशीलता दिखे और सराही जाए।

इसके बारे में बताते हुए राजस्थान सरकार के रीको लिमिटेड के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह ने कहा, राजस्थान ग्लोबल बिज़नेस एक्सपो उद्यिमता की राजस्थानी भावना और पारंपरिक क्षमताओं के संग-संग राजस्थान को एक आधुनिक औद्योगिक शक्ति के रूप में प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर है।

10,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली इस प्रदर्शनी (एक्सपो) में राजस्थान में व्यावसायिक उपस्थिति या रुचि रखने वाले कई भारतीय और विदेशी व्यापार समूह शामिल होंगे। एक्सपो में अपने पैवेलियन लगाने वाले उल्लेखनीय भारतीय व्यापार समूहों में असाही इंडिया ग्लास, जिसने हाल ही में चित्तौड़गढ़ में एक प्रमुख फ्लोट ग्लास प्लांट स्थापित किया है, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, जेसीबी, टाटा पावर, टोरेंट ग्रुप, महिंद्रा सिटी, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, जेके सीमेंट, जेके टायर वगैरह शामिल हैं।

इसके अलावा, इस ग्लोबल बिज़नेस एक्सपो में डेनमार्क और जापान सहित कुछ चुनिंदा देश भी अपने देश के बारे में पैवेलियन लगाएंगे और आने वाले दिनों में इसमें कई और देश भी जुड़ सकते हैं। साथ ही, बड़ी संख्या में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम भी इस एक्सपो में अपना पैवेलियन लगा रहे हैं और इनमें एचपीसीएल, गेल जैसी केंद्र सरकार के स्वामित्व वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां और राजस्थान सरकार के स्वामित्व वाली अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां शामिल हैं।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के वक्ताओं की पहली सूची की घोषणा


वेन्की रामाकृष्णन


अन्ना फंडर


टीना ब्राऊन

**जयपुर।** भारत के जाने-माने फेस्टिवल क्यूरेटर एवं प्रोडक्शन हाउस टीमवर्क आर्ट्स ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के बहुप्रतीक्षित 18वें एडिशन के वक्ताओं की पहली सूची जारी कर दी है। साहित्य की दुनिया के इस प्रतिष्ठित समारोह का आयोजन आगामी 30 जनवरी से 3 फरवरी के दौरान, जयपुर स्थित होटल क्लार्क्स आमेर में किया जाएगा। दुनियाभर में 'धरती पर आयोजित होने वाले सबसे बड़े साहित्योत्सव' के तौर पर प्रतिष्ठित इस फेस्टिवल के मंच पर एक बार फिर लेखकों, विचारकों और पाठकों की महफिलें जुटेंगी जो साहित्य के हालातों और विभिन्न संस्कृतियों के लोगों के साथ जुड़ाव कायम करने की इसकी अनूठी क्षमता के बारे में मिल-जुलकर विचार-मंथन करेंगे।

दुनियाभर में पुस्तकों और विचारों के इस सबसे बड़े उत्सव के 2025 एडिशन के जरिए एक बार फिर दूरियों को घटाने, सहानुभूति जगाने और हमारे साझा मानवीय अनुभवों का उत्सव मनाने के लिए कहानियों की ताकत को दोहराया जाएगा। पर्यावरण अनुकूल व्यवहार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के चलते, 2025 के संस्करण में पर्यावरण के प्रति सजगता पर प्रमुखता से जोर रहेगा। उत्सव के दौरान वाद-विवाद, चर्चाएं और अभूतपूर्व प्रस्तुतियों का दौर जारी रहेगा। 2025 एडिशन में सांस्कृतिक समृद्धियों, दिग्गज साहित्यिक कृतियों और पर्यावरण अनुकूल भविष्य पर जोर दिया जाएगा, जो कुल-मिलाकर इस फेस्टिवल को अभूतपूर्व बनाएगा।

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के मूल में भाषायी विविधता है, और यही वजह है कि साहित्य का यह मेला विभिन्न भाषाओं को मंच प्रदान करता है। इस साल के सत्रों में हिंदी, बांग्ला, राजस्थानी, कन्नड़, तमिल, तेलुगू, ओड़िया, संस्कृति, असमी, मलयालम, मराठी, पंजाबी और उर्दू समेत अनेक भाषाओं में कृतियों और चर्चाओं को परोसा जाएगा और इस प्रकार यह मेला समावेशिता के साथ-साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का परिचायक होगा।

18वें एडिशन में अलग-अलग क्षेत्रों के 300 से अधिक वक्ताओं को शामिल किया गया है, जो प्रतिभागियों को वैश्विक एवं भारतीय साहित्यिक हस्तियों से जुड़ने का मौका देगा। वक्ताओं की पहली सूची में शामिल हैं आंद्रे एचिमन, अनिरुद्ध कनिसेट्टी, अन्ना फंडर, अश्वनी कुमार, कावेरी माधवन, क्लॉडिया डी राम, डेविड निकॉल्स, फियोना कारनारवन, इरा मुखौटी, आइरेनोसेन ओकोजी, जेनी एरपनबेक, जॉन वैलेंट, कलोल भट्टाचार्जी, मैत्री विक्रमसिंघे, मानव कौल, मिरियम मार्गोलिस, नसीम निकोलस तालेब, नाथन थ्राल, प्रयाग अकबर, प्रियंका मट्टू, स्टीफन ग्रीनब्लाट, टीना ब्राउन, वी वी गणेशनंदन, वेंकी रामाकृष्णन, और यरोस्लावा त्रोफिमोफ सरीखी साहित्यिक दुनिया की प्रतिभाएं जो उत्सव के दौरान विचारों से भरे साहित्यिक चर्चाओं का भरोसा दिलाती हैं।

जानी मानी लेखक और फेस्टिवल की सह-निदेशक नमिता गोखले का कहना है कि जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल हमेशा से ही कहानियों, नए विचारों और संस्कृतियों का संगम रहा है। अब जबकि हम 18वें एडिशन की तैयारी में जुटे हैं, तो हम वास्तव में, प्रेरित करने, चुनौती देने और एकजुट करने की साहित्य की ताकत का जश्न मना रहे हैं। इस साल, हम लेखकों, कवियों और विचारकों की ऐसी अविश्वसनीय पंक्तियों का स्वागत करने जा रहे हैं जो दर्शकों के साथ कभी न भुलाए जा सकने वाले संवाद-सत्रों का नेतृत्व करेंगे।

# विनम्र रहे, निष्पक्षता से कार्य करें : देवनानी

■ राजस्थान प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों की विधानसभाध्यक्ष से मुलाकात

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा है कि विनम्र रहकर निष्पक्षता से कार्य करें। ईमानदारी से सोच-समझकर कर निर्णय लें ताकि किसी के प्रति अन्याय न हो। युवा संकल्प लेंगे तो राष्ट्र विश्व पटल पर अवश्य अग्रणी रहेगा। युवा राष्ट्र के भविष्य की आशा की किरण है। देवनानी से बुधवार को यहां राजस्थान विधान सभा में राजस्थान प्रशासनिक सेवा में नव चयनित 75 प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य प्रशासनिक सेवा में चयन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

देवनानी ने कहा कि युवा राष्ट्र का भविष्य है। बहुत मेहनत के बाद राज्य सेवा में चयन होता है। राज्य सेवा प्रतिष्ठित सेवा है। राज्य सेवा के कार्यों को दूरदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि उद्देश्यपूर्ण जीवन से ही हम स्वयं के जीवन, परिवार, समाज और राष्ट्र को नई दिशा दे सकते है। युवाओं के जीवन का उद्देश्य राष्ट्र के उद्देश्य के अनुरूप ही होना चाहिए। कर्तव्यों को सक्रियता से निभाएं।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने विधान सभा के राजनैतिक आख्यान संग्रहालय में नव-निर्मित संविधान दीर्घा का अवलोकन किया। इस मौके पर राजस्थान विधान सभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा, वित्तीय सलाहकार अपूर्व जोशी और उप सचिव संजीव कुमार शर्मा ने अधिकारियों को राजस्थान विधानसभा की गतिविधियों के बारे में बताया। इस मौके पर हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान के डॉ. गुल फिरदोस और विनोद कुमारी भी मौजूद थी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को विधानसभा में नन्हीं मुस्कान पोस्टर का विमोचन किया। देवनानी को डॉ. उमेश दत्त ने नन्हीं मुस्कान कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि दौसा में एक दिसम्बर को शहर के बच्चों का फ्री चैकअप किया जायेगा। देवनानी ने चिकित्सकों से कहा कि सशक्त राष्ट्र के लिए बच्चों का स्वस्थ होना आवश्यक है। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए निरन्तर कार्य करें। इस मौके पर विधान सभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के.के शर्मा, डॉ. उमेश दत्त शर्मा, डॉ. पंकज जुत्थी और डॉ. पियूष त्रिवेदी मौजूद थे।

# 'पशुपालकों के लिए कारगर साबित हो रही है राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना'

■ राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के तारांकित सवाल के जवाब में पशुपालन एंव डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने जवाब में दी जानकारी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देशभर के पशुपालकों की आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को बढावा देने के उद्देश्य से शुरू की कई राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना कारगर साबित हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान पशुपालन विभाग की ओर से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि पिछले 10 वर्षों में दूध उत्पादन में 63.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वर्ष 2014-15 में जहां 146.3 मिलियन मीट्रिक टन दूध उत्पादन किया जा रहा था, वो वर्ष 2023-24 में 239.3 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच गया। वहीं देशभर में पशुओं की देशी नस्ल सुधार के लिए आईवीएफ तकनीक का इस्तेमाल करते हुए 32 बछडे और बछडियों को जन्म दिया गया।

राठौड़ ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के लक्ष्य प्राप्ति और देशभर में इस योजना से लाभान्वित किसानों को लेकर राज्यसभा में तारांकित सवाल लगाया। इसके जवाब में मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह जवाब दिया कि योजना से देशभर में 4 करोड़ 58 लाख 14 हजार 284 किसान लाभान्वित हुए है। इसमें राजस्थान के 32 लाख 47 हजार 550 किसान राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के माध्यम से लाभान्वित हुए। इतना ही नहीं, देशभर में पशुओं की नस्ल सुधार के लिए 38 हजार से अधिक मैत्रियों को लगाया गया। इसमें राजस्थान में 771 मैत्री कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन के तौर पर कार्य कर रहे है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के तहत देशी नस्लों के सुधार की दिशा में भी सराहनीय कार्य किया गया है। इसमें राजस्थान की साहीवाल, थारपारकर और राठी नस्ल के पशुओं की संतति परीक्षण और नस्ल चयन कार्यक्रम शुरू किया गया। वहीं राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के दौरान पिछले तीन सालों में राजस्थान के 32.47 लाख किसान लाभान्वित हुए और 55.99 लाख पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान किया गया। इतना ही नहीं, राजस्थान में देशी पशुओं की नस्ल सुधार के लिए 7 नस्ल वृद्धि फार्म स्थापित किए जाएगे। इसके लिए केंद्री की ओर से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। वहीं दूसरी ओर 70 व्यक्तियों को सामुदायिक संसाधन व्यक्ति ए-हेल्प का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है।

# जयपुर मिलिट्री स्टेशन में 1489 स्मार्ट मीटर लगाए

**जयपुर ।** मेजर जनरल आरएस गोदारा जनरल ऑफिसर कमांडिंग, 61 सब एरिया ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन में 27 नवंबर को मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज़ (एमईएस) द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की परियोजना का उद्घाटन किया। भारत सरकार के स्मार्ट मीटर राष्ट्रीय कार्यक्रम की पहल में योगदान करते हुए, डिजिटल इंडिया की दिशा में आगे बढ़ते हुए जयपुर मिलिट्री स्टेशन में 1489 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए। भारत सरकार का लक्ष्य स्मार्ट मीटर नेशनल प्रोग्राम के तहत 25 करोड़ स्मार्ट इलेक्ट्रिक मीटर लगाना है।

# पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम

**जयपुर ।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 1 दिसंबर से 3 दिसंबर 2024 तक पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर के 130 केन्द्रों पर होगा। छह पारियों में (प्रथम पारी प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय पारी दोपहर 2:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक) आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल 2 लाख 60 हजार 163 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 1 दिसंबर से 3 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 29 नवंबर एवं 30 नवंबर 2024 तक प्रात: 10 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 01 दिसंबर से 03 दिसंबर 2024 को को प्रात: 6 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के लिए कुल छह पारियों में 414 उप समन्वयक एवं 69 उडनदस्तों का तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा।

# 57 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही पांच कॉलोनियां ध्वस्त

■ जे.डी.ए. ने बगरू में 7 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने करीब 57 बीघा कृषि भूमि पर काटी जा रही पांच अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। इसके अलावा बगरू में भी आम रास्ते की 7 बीघा जमीन से अतिक्रमण हटाया।

उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-13 स्थित दौलतपुरा रोड पर सेवापुरा डंपिंग यार्ड के पास करीब 27 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी चल रही थी। काश्तकारों ने कृषि भूमि को समतल करके यहां रातोंरात डामर की 7 सड़कें, बाउंड्रीवाल समेत कई निर्माण कर लिए थे, जिन्हें बुधवार को जे.सी.बी. मशीन की मदद से ध्वस्त किया।

इसी प्रकार खोरा श्यामदास जाने वाले रास्ते पर स्थित ग्राम मोठू का वास में भी 6 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर 'श्याम वटिका विस्तार' के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने की कोशिश की जा रही थी। ऐसी ही अवैध कॉलोनी ग्राम चौमूं में होली दरवाजे के पास 1.5 बीघा जमीन पर काटी गई थी। इसके अलावा बगरू में भी करीब 20 कृषि भूमि पर 'जगन्नाथ सिटी' के नाम से चोरी छिपे कॉलोनी काटकर यहां सीमेंट ब्लॉक्स की सड़क, प्लॉट्स की बाउंड्रीवाल व अन्य निर्माण कर लिए थे। इसके नजदीक ही 2 बीघा कृषि भूमि पर 'जयश्री श्याम' के नाम से कॉलोनी बसाने की तैयारी थी।

काश्तकारों ने कृषि भूमि का भू-रूपांतरण करवाये बिना और जेडीए से इजाजत लिए बगैर ही यह अवैध कॉलोनियां बसाने की कोशिश की थी। इससे राज्य सरकार और जेडीए को करोड़ों रु. के राजस्व की हानि हो रही थी। बुधवार को पांचों अवैध कॉलोनियों पर जेडीए का बुलडोजर गरजा और सभी निर्माण ध्वस्त कर दिए गए।

# मांस की पांच अवैध दुकानें सीज

**जयपुर ।** नगर निगम हैरिटेज की पशु प्रबंधन शाखा ने मीट की अवैध दुकानों पर कार्रवाई करते हुए पांच दुकानों को सीज कर दिया। कार्रवाई के संबंध में पशु प्रबंधन शाखा उपायुक्त अनीता मित्तल ने बताया कि शाखा को लगातार बिना लाइसेंस और खुले में मांस बेचने की शिकायतें आ रही थी। जिस पर शाखा के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मयंक लाम्बा ने रामगंज, घोड़ा निकास रोड, हांडीपुरा, नाहरी का नाका इलाके में चल रही मीट की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों पर अनियमितताएं पाई गई। इस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए 5 दुकानों को सीज कर दिया और करीब 250 किलो अवैध मीट को जब्त कर नष्ट करा दिया है। वहीं खुले में मांस बेचने पर पांच दुकानों से जुर्माना भी वसूल किया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मयंक लाम्बा ने बताया कि निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा के निर्देश पर निगम क्षेत्र में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। शाखा रात में की अवैध मीट बेचने और बूचड़खानों पर कार्रवाई करेगी। कार्रवाई में सतर्कता शाखा का भी सहयोग रहा।


नगर निगम हैरिटेज की पशु प्रबंधन शाखा ने बुधवार को परकोटा क्षेत्र में संचालित मांस की अवैध दुकानों पर कार्रवाई की।

# कल्चरल डायरीज : गायन, वादन व नृत्य का साक्षी बनेगा जयपुर

■ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की पहल पर शुरू की गई कल्चरल डायरीज के तहत दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्या 29-30 नवम्बर को अल्बर्ट हॉल पर होगी आयोजित

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अभिनव पहल व दिशा-निर्देशों के तहत पर्यटन विभाग द्वारा शुरू की गई सांस्कृतिक संध्या कल्चरल डायरीज शृंखला के तहत आगामी शुक्रवार व शनिवार 29 व 30 नवम्बर को अल्बर्ट हॉल पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। इन प्रस्तुतियों के दौरान जयपुरवासियों सहित विदेशी व देसी पर्यटकों को गायन, वादन व नृत्य का शानदार संगम देखने को मिलेगा।

29 नवम्बर को अल्बर्ट हॉल पर किशनगढ़ के कलाकारों द्वारा चरी व घूमर नृत्यों के साथ ही अलवर के कलाकारों द्वारा भपंग वादन की प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी साथ ही खातु सपेरा विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। उनके समूह का कालबेलिया नृत्य जिसमें तीन पीढियां एक साथ नृत्य की प्रस्तुति देंगी। शनिवार 30 नवम्बर को जयपुर के इंडी फोक ग्रुप युग्म बैंड की प्रस्तुति के साथ लोक वाद्य यंत्र रावण हत्था वादन प्रस्तुत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की पहल पर लोक कलाकारों को मंच प्रदान करते हुए उन्हें सम्बल प्रदान करने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा कल्चर डायरीज नाम से पाक्षिक सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत की गई है, इस पाक्षिक सांस्कृतिक शृंखला की पहली दो दिवसीय प्रस्तुतियां नवम्बर के दूसरे पखवाड़े में अल्बर्ट हॉल पर आयोजित हो चुकी है।

# झोटवाड़ा में खुलेंगे पांच नए आंगनबाड़ी केन्द्र

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा से भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के सार्थक प्रयासों से झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 5 नए आंगनबाड़ी केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। जिससे महिलाओं को रोजगार मिलेगा। कम उम्र के बच्चों, गर्भवती-धात्री महिलाओं को पोषाहार के साथ टीकाकरण व पढ़ाई की सुविधा घर के पास ही केन्द्र पर मिलेगी। ये नए आंगनबाड़ी केन्द्र इन्द्रा कॉलोनी (बिंदायका) वार्ड नं. 49, घनश्याम विहार, वार्ड नं. 51, जनकपुरी, वार्ड नं. 63, बलाइयों का मोहल्ला, जोरपुरा सुंदरियावास, लोछुवो की ढाणी, आला का वास, जोरपुरा सुंदरियावास में खुलेंगे। झोटवाड़ा की जनता ने इस सराहनीय पहल हेतु कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का आभार जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बच्चों को बेहतर शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र न केवल बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सहायक होते हैं।

# सिन्धु दर्शन यात्रा के लिए मिलेगी 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

■ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया था मुख्यमंत्री से आग्रह

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के आग्रह पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सिन्धी समाज को बड़ा तोहफा दिया है। राज्य सरकार ने सिन्धी समाज की सबसे बड़ी और पवित्र मानी जाने वाली लेह-लद्दाख सिन्धु दर्शन यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को 15 हजार रुपए प्रति व्यक्ति आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। सिन्धु दर्शन यात्रा में चार दिन तक लेह-लद्दाख में धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन होते हैं तथा यह यात्रा 18 जून से शुरू होकर 30 जून को समाप्त होती है।

सिन्धी समाज के तीर्थयात्री हर साल 23 से 26 जून तक लेह-लद्दाख में सिन्धु दर्शन यात्रा पर जाते हैं। यह यात्रा 18 जून से जम्मू एवं कुरूक्षेत्र से प्रारम्भ होती है तथा 30 जून को इसका अधिकारिक समापन होता है। देवनानी ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को ज्ञापन देकर आग्रह किया था कि सिन्धु दर्शन तीर्थ यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को भी अन्य तीर्थ यात्राओं की तरह आर्थिक सहायता दी जाए। इस पर निर्णय करते हुए राज्य सरकार ने तीर्थ यात्रियों के लिए 15 हजार रूपए प्रति यात्री की आर्थिक सहायता की घोषणा की है।

गौरतलब है कि वर्ष 1997 में भारत रत्न एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी ने सिन्धु दर्शन यात्रा की शुरूआत की थी। प्रतिवर्ष यह यात्रा 23 से 26 जून तक लेह-लद्दाख में आयोजित की जाती है। इसमें बड़ी संख्या में सिंधी धर्मावलम्बी भाग लेते हैं। वेद, शास्त्र एवं धार्मिक मान्यताओं में सिन्धु नदी का बड़ा महत्व है। लगभग सभी ग्रन्थों में सिन्धु नदी का उल्लेख मिलता है। इसके साथ ही भारतीय राष्ट्रगान में भी सिन्धु नदी का उल्लेख है। सिन्धी समाज में भी ईष्ट देव श्री झूलेलाल के अवतार का जल से संबंध है। ऐसे में यह यात्रा सिन्धी धर्मावलम्बियों के लिए बड़ी पवित्र मानी जाती है। प्रतिवर्ष देश के लगभग 25 राज्यों से सिन्धी धर्मावलम्बी इस पवित्र यात्रा पर जाते हैं। यह यात्रा जम्मू एवं कुरूक्षेत्र से प्रारम्भ होती है एवं लगभग 12 दिन चलती है। यात्रा में लेह-लद्दाख में विशिष्ट धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन होते हैं।

# तीन पी.टी.आई. और एक व्याख्याता को एस.ओ.जी. ने गिरफ्तार किया

## इन चारों आरोपियों ने डमी कैंडिडेट की मदद से परीक्षा पास की थी

■ आरोपियों द्वारा पेश की गई बी.पी.एड. की डिग्री भी फर्जी निकली। एसओजी ने दस्तावेजों की जांच के बाद इन्हें गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया

**जयपुर (कासं)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को तीन पीटीआई और एक व्याख्याता को गिरफ्तार किया हैं। इन के खिलाफ एसओजी को हैल्पलाइन पर शिकायत मिली थी कि चारों ने डमी कैंडिडेट की मदद से परीक्षा पास की थी। इनके द्वारा पेश की गई बीपीएड की डिग्री भी फर्जी निकली। इस पर एसओजी ने तीनों के दस्तावेजों की जांच की,जांच में पुष्टि होने पर चारों को बुधवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया हैं।



एस.ओ.जी. सूत्रों ने बताया कि एसओजी जयपुर के व्हाटसएप हेल्पलाईन पर शिकायत मिली थी कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा आयोजित शारीरिक शिक्षक सीधी भर्ती 2022 में कुछ लोग गलत चीजों का इस्तेमाल कर परीक्षा में पास हुए और नौकरी ली। जिस पर एसओजी ने स्वरूपा राम निवासी गुढामलानी जिला बाडमेर हाल शारीरिक शिक्षक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जाखड़ों की ढाणी, भीमलत धोरीमन्ना जिला बाडमेर, भारमल राम निवासी गांव धानता पुलिस थाना सांचोर जिला सांचोर हाल शारीरिक शिक्षक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुडा, रानीवाडा, जिला सांचोर, लादूराम निवासी दांतीवास तहसील भीनमाल जिला जालौर हाल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, वनानी भीलों की ढाणी, गुढामालानी, बाड़मेर की जांच की।

जांच में प्रमाणित हो गया कि इन लोगों ने अपनी जगह परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बिठाया। तीनों आरोपियों ने उस दौरान आवेदन पत्रों में अन्य विश्वविद्यालय की बीपीएड डिग्री भर कर अन्य विश्वविद्यालय की बीपीएड डिग्री और अंक तालिका के दस्तावेज सत्यापन के समय पेश कर पीटीआई की नौकरी प्राप्त की। एसओजी ने जब इन डिग्री और डमी अभ्यर्थी के पेपर में बैठने की जांच की तो यह पुष्टि हो गई। जिस पर इन तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर इनकी गिरफ्तारी की गई। आरोपी स्वरूपा राम को जिला पुलिस अधीक्षक जालौर ज्ञानचन्द यादव एवं आरोपी लादूराम एवं भारमल को जिला पुलिस अधीक्षक बाडमेर नरेंद्र मीणा के निर्देशन में टीम ने डिटेन कर एसओजी के सुपुर्द किया। जिस पर एसओजी ने दोनो को कोर्ट में पेश कर 7 दिन का रिमांड लिया हैं।

वहीं राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर ने वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) द्वितीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा वर्ष 2022 के सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान विषय की परीक्षा 24 दिसंबर 2022 को आयोजित की थी। उस में सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान विषय की परीक्षा पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गई थी एवं इस विषय की परीक्षा 29 जनवरी 2023 को दोबारा 10.30 एएम से 12.30 पीएम तक आयोजित की गई थी।

29 जनवरी 2023 को सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान विषय की परीक्षा आरोपी राजेन्द्र कुमार के स्थान पर कमल विश्नोई निवासी राजीव नगर पुर, जिला सांचौर ने डमी परीक्षार्थी के रूप में दी थी। कमल बिश्नोई वर्तमान में उच्च माध्यमिक विद्यालय अरणाय (जालोर) में व्याख्याता (जीव विज्ञान) के पद पर था। एसओजी ने कमल विश्नोई को गिरफ्तार किया हैं। उसे भी रिमांड पर लिया गया हैं।

# जन्म पर लिंगानुपात और संस्थागत प्रसव में सुधार पर जोर दें चिकित्सक : कलेक्टर

**बीकानेर,** (कासं)। जन्म पर लिंगानुपात सभी डिलीवरी प्वाइंट व अस्पतालों में राज्य औसत से बेहतर आना चाहिए। इसके लिए गर्भकाल के 12 से 24 सप्ताह में सोनोग्राफी करवाने वाली गर्भवतियां, जिनके पहले से एक या दो बेटियां हों, उनके प्रसव परिणाम की हर स्तर पर पड़ताल हो। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सभी चिकित्सा अधिकारियों को दिए।

उन्होंने ऐसे सोनोग्राफी केन्द्रों व क्षेत्र को चिन्हित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार गुप्ता को दिए जहां कन्या भ्रूण हत्या होने की आशंका हो। जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक महेंद्र सिंह चारण ने जानकारी दी कि जिले का जन्म पर लिंगानुपात 945 है जो कि ब्लॉक पूगल, कोलायत तथा पीबीएम अस्पताल में बहुत कम होने के कारण राज्य औसत से कम रहा है। जिला कलेक्टर ने प्रत्येक चिकित्सा संस्थान पर प्रतिमाह होने वाले संस्थागत प्रसव की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि चिकित्सा अधिकारी तथा नर्सिंग स्टाफ मुख्यालय पर रहकर संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर देवें।

उन्होंने राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 15 दिसम्बर से 31 जनवरी तक पीएचसी-सीएचसी स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों की तैयारी की समीक्षा की और अधिकाधिक आमजन को लाभ देने के निर्देश दिए।



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में चिकित्सा अधिकारियों को संबोधित किया।

उन्होंने आगामी 8 दिसम्बर को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान के संबंध में चर्चा की और 0 से 5 वर्ष तक के शत प्रतिशत बच्चों को पल्स पोलियो खुराक दिलाने हेतु बेहतर माइक्रो प्लनिंग के निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ गुप्ता ने बताया कि तीन चरणों में आयोजित होने वाले आयुष्मान आरोग्य शिविरों में प्रत्येक ब्लॉक में प्रतिदिन एक के हिसाब से प्रतिदिन 6 शिविर लगाए जायेंगे। स्वास्थ्य शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, आयुष चिकित्सक, टैली कंसलटेंसी, टीबी स्क्रीनिंग, एनसीडी स्क्रीनिंग, मां योजना ई केवाईसी, ई-मित्र सेवा सहित समस्त आवश्यक दवाईयां तथा जांचों की व्यवस्था रहेगी। यह शिविर सप्ताह के तीन दिवस मंगलवार, बुधवार व शुक्रवार को आयोजित होंगे। बैठक में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जनागल ने मातृ शिशु स्वास्थ्य विषयों की समीक्षा करते हुए जिले में होने वाली प्रत्येक मातृ मृत्यु तथा शिशु मृत्यु की चिकित्सा अधिकारी व ब्लॉक सीएमओ स्तर पर समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ लोकेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, ई केवाईसी, टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0, आभा आईडी निर्माण, एनसीडी स्क्रीनिंग, डेंगू नियंत्रण जैसे विषयों पर ब्लॉक वार समीक्षा की। जिला टीबी अधिकारी डॉ सी. एस. मोदी ने मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना, टीबी स्क्रीनिंग, निक्षय पोषण योजना तथा सिलिकोसिस को लेकर चर्चा की। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल, एचएफआर, एचपीआर पोर्टल पर नियमित इंद्राज तथा मिशन कर्मयोगी में समस्त अधिकारियों व कार्मिकों के जुड़ने को लेकर मंथन किया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. अनुरोध तिवारी ने

■ जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार को लेकर दिए निर्देश

नियमित टीकाकरण के दौरान एनाफायलैक्सिस किट की सुनिश्चितता रखने की बात कही। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस, एसडीएम जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष, पीबीएम अस्पताल के प्रतिनिधि डॉ गौरीशंकर जोशी, डॉ सुनील बोथरा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, ब्लॉक सीएमओ, ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी तथा विभिन्न सीएचसी पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

सीएमएचओ डॉ गुप्ता ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार श्रम विभाग की योजना प्रसूति सहायता योजना का लाभ अधिकाधिक लेबर कार्ड धारी परिवारों की प्रसुताओं को दिलाने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जाना है।

श्रम निरीक्षक वैभव कुमार ने बताया कि योजना अंतर्गत लेबर कार्ड धारी परिवार की प्रसूता को पुत्र जन्म पर 20 हजार रुपए तथा पुत्री के जन्म पर 21 हजार रुपए की नकद सहायता दी जाती है। यह योजना दो बच्चों तक ही लागू होती है तथा प्रसव के बाद ई मित्र के माध्यम से आवेदन किया जाता है। डॉ गुप्ता ने सभी अस्पताल के माध्यम से योजना का प्रचार प्रसार करवाने के निर्देश दिए।

## जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**नोखा,** (कासं)। पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक देशी कट्टा भी बरामद किया है। वहीं अन्य आरोपी की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी ने बताया कि 18 नवम्बर को हिम्मटसर निवासी रिछपाल बिश्नोई ने मुकदमा दर्ज करवाया था। परिवादी ने बताया कि वह अपने ड्राइवर चौथाराम और साथियों गुलाब सिंह और पवन कुमार के साथ नोखा में एक पुराने मुकदमे की कार्रवाई के सिलसिले में आया था। दोपहर करीब 1 बजे वे अपनी क्रेटा गाड़ी से हिम्मटसर लौट रहे थे।

जब उनकी गाड़ी सोमलसर गांव से आगे अणखीसर फांटा टोल नाका पर पहुंची, तो वहां बेरिकेट लगाकर रास्ता रोका गया था। मौके पर एक क्रेटा गाड़ी खड़ी थी। गाड़ी के पास उनके गांव के ही सुनील कुमार बिश्नोई हाथ में बंदूक, अभिमन्यु बिश्नोई और सहदेव बिश्नोई पिस्टल लिए हुए थे। जैसे ही उन्होंने रिछपाल को देखा तो सुनील ने गाड़ी पर फायरिंग की, जिससे ड्राइवर साइड की हैडलाइट क्षतिग्रस्त हो गई।

अपनी जान बचाने के लिए रिछपाल और उसके साथियों ने गाड़ी घुमाकर नोखा की ओर दौड़ा दी। आरोपियों ने पीछा करते हुए एक कैम्पर गाड़ी से उनकी गाड़ी को टक्कर मारने का प्रयास किया और पीछे से भी फायरिंग की। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों सुनील कुमार, अभिमन्यु और सहदेव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद किया है।

# राजपरिवार के चार ट्रस्ट कार्यालयों का सामान खुर्दबुर्द करने का आरोप

**बीकानेर,** (कासं)। राज परिवार से संबंधित लालगढ़ पैलेस स्थित चार ट्रस्ट के कार्यालय का सामान खुर्दबुर्द करने का आरोप लगाते हुए राज्यश्री, मधुलिका सहित सात लोगों के खिलाफ बीछवाल पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

संजय शर्मा की ओर से पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि वह महाराजा गंगासिंह ट्रस्ट, करणी चैरिटेबल फंड्स ट्रस्ट, करणीसिंह फाउंडेशन ट्रस्ट और महारानी सुशीला कुमारी रिलिजियस एंड चैरिटेबल ट्रस्ट का अधिकृत ट्रेजरार-ट्रस्टी है। इन ट्रस्ट का रजिस्टर्ड कार्यालय लालगढ़ पैलेस परिसर में है। चारों ट्रस्ट की चेयरपर्सन सिद्धि कुमारी हैं।

आरोप है कि 29 मई, 2024 को सायंकाल 4 बजे सिद्धि कुमारी की ओर से ट्रस्ट का चार्ज लिया गया। उससे पहले राज्यश्री कुमारी, मधुलिका

■ राज्यश्री व मधुलिका सहित सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

कुमारी, हनुवंत सिंह, गोविन्द सिंह, राजेश पुरोहित, पुखराज राठौड़ और नवलसिंह ट्रस्ट में पूर्व में कार्यरत थे। आरोपी गोविन्द सिंह, राजेश, पुखराज व नवल सुबह कार्यालय आए और सिद्धि कुमारी के चार्ज लेने से पहले गाड़ियों में सामान भरकर ट्रस्ट कार्यालय से चले गए। कार्यालय से दस्तावेज, सामान, नकदी आदि हटा लिए गए।

इससे ट्रस्ट संचालन में परेशानी हो रही है। इसके अलावा 15 अक्टूबर, 2024 को देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त ने चारों ट्रस्ट की ऑडिट रिपोर्ट पेश करने के लिए नोटिस दिया। लेकिन आरोपियों की ओर से दस्तावेज, सामान खुर्दबुर्द करने के कारण ऑडिट रिपोर्ट पेश करना असंभव हो गया। आरोपियों ने स्वयंभू ट्रस्टी, सैक्रेटरी, कर्मचारी बताकर ट्रस्ट कार्यालय की संपत्ति खुर्दबुर्द कर ली। बीछवाल थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है जिसकी जांच एसएचओ गोविन्दसिंह चारण करेंगे।

जयपुर की मैसर्स गोल्डन ट्राई एंगल फोर्ट्स एंड पैलेस प्रा.लि. के निदेशक राजीव मिश्रा की ओर से बीछवाल थाने में दर्ज कराए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि होटल लक्ष्मी निवासी के संचालन के लिए विधायक सिद्धि कुमारी और महिमा कुमारी ने रुपयों की वसूली की। होटल खाली कराने व होटल लक्ष्मी निवास के संचालन के मामले में सिद्धि कुमारी और महिमा कुमारी पर धोखाधड़ी और रुपए ऐंठने का आरोप है।

## सेवा आश्रम का अवलोकन किया

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने बुधवार को सौर चेतना एवं ऊर्जा विज्ञान शोध संस्थान द्वारा संचालित विमंदित पुनर्वास गृह सेवा आश्रम का अवलोकन किया।

विधायक व्यास ने सेवा आश्रम की व्यवस्थाओं को सराहा और कहा कि पर हित से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा करना अत्यंत पुण्यदायी है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा किए जा रहे कार्य दूसरों के लिए प्रेरणास्पद हैं। इस दौरान विशेष बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। संस्था संचालक भीष्म कौशिक ने संस्था की गतिविधियों और बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पवार, किशन चौधरी, किशोर आचार्य, मुरली व्यास, अनुराधा पारीक, मनोज कुमावत, डॉ. ललित सोनी, भावना गौड़, पृथ्वीराज, जाकिर हुसैन, फारिश खान, लक्ष्मी रावत मौजूद थे।

# बीकानेर पश्चिम में 13 सड़कों के निर्माण को मंजूरी

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास के प्रयासों से सार्वजनिक निर्माण विभाग ने उनके क्षेत्र की कुल 13 सड़कों के निर्माण के लिए 5 करोड़ रूपए की सैद्धांतिक सहमति जारी की है।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दीया कुमारी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि इस राशि से कुल 9.91 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जायेगा।

इनमें ओम शिव लाईब्रेरी से महेश सैलून के पास से होते हुए उसके सामने वाली गली केवलाराम के घर तक 760 मीटर, रोहित दूध भंडार से शिवजी जेईन के घर से बाबूलाल कुम्हार के घर के पास से होते हुए केवलराम के घर तक 280 मीटर, रोहित दूध भंडार से गेधर जनरल स्टोर से भैरू जनरल स्टोर होते हुए लक्की हेयर सैलून तक 700 मीटर तथा लेघा बाड़ी की 3 किमी की विभिन्न सड़कों का निर्माण किया जायेगा।

इसी प्रकार टेकचंद बराडिया के घर से राम किसन के घर तक 500 मीटर, सुरजाराम कूकणा के घर से रामदेव कस्वां के घर के पास से होते हुए अर्जुनराम के घर तक 360 मीटर, रामदेव सारण के घर से सुरेश सारण के घर तक एवं पास वाली गली की 650 मीटर, भैरूजी मंदिर से पूगल रोड तक सर्वोदय बस्ती 450 मीटर तथा गोल्डन गेट अकादमी से विशला माता मंदिर तक 1 किमी सड़क का निर्माण किया जायेगा। गणेश बाल निकेतन स्कूल के पीछे वाली गली में 360 मीटर तथा तेरापंथ भवन से भोमिया मंदिर तक 400 मीटर सड़क का निर्माण किया जायेगा। टीकूराम के घर से जाट श्मशान भूमि तक 1 किमी, मुरली मनोहर मंदिर टेकचंद बेरडिया के घर तक भीनासर कुआं की 450 मीटर का निर्माण होगा।

# अस्पताल निर्माण के लिए की मुलाकात

**बीकानेर,**(कासं)। कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने बुधवार को जयपुर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर से मुलाकात की।

उन्होंने बज्जू में स्वीकृत उप जिला अस्पताल के लिए आईजीएनपी द्वारा स्वीकृत भूमि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिग्रहित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आईजीएनपी द्वारा उप जिला अस्पताल के निर्माण के लिए 25 बीघा भूमि आवंटन की एनओसी जारी कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसका कब्जा ले लिया जाए, जिससे भवन निर्माण की कार्यवाही जल्दी ही शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में उप जिला अस्पताल बनने से सीमांत क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

■ चिकित्सा मंत्री से मिले कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी

उन्होंने बताया कि चिकित्सा मंत्री ने इस पर शीघ्र कार्यवाही का विश्वास दिलाया। विधायक भाटी ने देशनोक और गड़ियाला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में क्रमोन्नत करने का आग्रह किया और कहा कि इससे दोनों क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ और अधिक बेहतर तरीके से मिल सकेगा। उन्होंने कोलायत क्षेत्र के सभी 108 चिकित्सा संस्थानों में रिक्त पदों को भरने की बात कही।

## स्कूल क्रमोन्नत होने पर छात्रों में खुशी

**नोखा,**(कासं)। राजकीय प्राथमिक स्कूल उत्तरादी ढाणिया बिलनियासर को उच्च प्राथमिक स्कूल में परिवर्तित करने पर छात्रों ने खुशी मनाई।

प्रधानाध्यापक रामकिशन गोदारा ने बताया कि यह स्कूल 2001 से प्राथमिक स्कूल के रूप में संचालित है। यहां 139 स्टूडेंट्स हैं। अब क्रमोन्नत किया गया है। पीईईओ भंवरलाल मेघवाल ने इस अवसर पर खुशी जताते हुए कहा कि हम सब ग्राम वासियों और विद्यार्थियों के लिए इससे बड़ी कोई खुशी नहीं हो सकती। अब ढाणीयों के बच्चे कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक वहीं शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी को मिठाई खिलाकर और गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी गई।

# कैमिकल युक्त जहरीला पानी रोकने लुधियाना कूच करेंगे

**गजसिंहपुर,**(कासं)। ज़हर से मुक्ति आंदोलन के तत्वावधान में सिंहसभा गुरूद्वारा में किसान, मजदूर व व्यापारी संगठनों की बैठक संयुक्त बैठक हुई।

जहरीले व कैमिकल युक्त पानी की रोकथाम के लिए 3 दिसम्बर को लुधियाना जाने का निर्णय लिया गया। सैकड़ों लोग बसों के माध्यम से सुबह 6 बजे साधुवाली लिंक चैनल पहुंचेंगे वहां से एकजुट होकर लुधियाना की ओर कूच करेंगे।

आंदोलन के संयोजक मनिन्द्र सिंह मान ने कहा पंजाब सरकार ने जहरीले पानी के उपचार के लिए करोड़ों रूपये की लागत से एसटीपी संयंत्र लगाए है लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ है। ऐसे ज़हरीले पानी

■ तीन दिसम्बर को सैकड़ों लोग बसों के माध्यम से सुबह 6 बजे साधुवाली लिंक चैनल पहुंचेंगे वहां से एकजुट होकर लुधियाना की ओर कूच करेंगे

को किसी भी तरह से ट्रीट नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा हमारी मांग स्पष्ट है कि सतलुज में बुड्ढा नाला से प्रवाहित प्रदूषित जल को ट्रीट करके भी नहीं डाला जाना चाहिए। वहीं उन औद्योगिक इकाईयों को बंद करना चाहिए जो सतलुज नदी को प्रदूषित कर रही है। रविन्द्र तरखान ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी पंजाब और राजस्थान के करीब 3 करोड़ लोगों पीने का शुद्ध पानी मुहैया कराने में सरकारों की नाकामी रही है व नदियों को प्रदूषित होता देख रही है। उन्होंने कहा सतलुज पर आश्रित पूरा क्षेत्र कैंसर, काला पीलिया और असाध्य रोगों व केन्द्र बन रहा है।

इस मौके पर किसान नेता गुरचरण सिंह मौड़, राकेश शर्मा, नगर पालिका चेयरमैन चमकौर सिंह रामगढिया, मेघराज खत्री, मजदूर नेता कश्मीरी लाल, हंसराज गोदारा, व्यापारी राम बजाज व नगर पालिका के कुछ पार्षद भी बैठक में शामिल थे।

# सादुल स्पोर्ट्स स्कूल पर धरना जारी, शिक्षक संघ रेसटा ने दिया समर्थन

**बीकानेर,** (कासं)। क्रीड़ा भारती द्वारा सादुल स्पोर्ट्स स्कूल के आगे राज्य के एकमात्र खेल विद्यालय की विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को दसवें दिन भी जारी रहा।

धरना दे रहे क्रीड़ा भारती के पदाधिकारियों की मांगें पूरी नहीं होने पर शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में संघ के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों ने धरना स्थल पहुंचकर धरने को समर्थन दिया। क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष दानवीर सिंह ने बताया कि धरना प्रशिक्षकों व रसोईयों की नियुक्ति, मैस भत्ता बढ़ाने, खेल उपकरण बज़ट वृद्धि, शुद्ध पेयजल, खेल मैदान का रख रखाव, शौचालयों की साफ-सफाई, स्थाई डिस्पेंसरी और महाराजा सादुल सिंह की प्रतिमा स्थापित करने सहित कुल 11 मांगों को लेकर दस दिन से




सादुल स्पोर्ट्स स्कूल पर खिलाड़ियों के धरने को शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में संघ के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों ने धरने में शिरकत की।

धरना दिया जा रहा है।

शिक्षक संघ के प्रदेश विधि सलाहकार हनुमान प्रसाद शर्मा ने युवा खिलाड़ियों के लिए की जा रही वाजिब मांगों को पूरा किए जाने में होने वाले विलम्ब पर आक्रोश प्रकट किया। धरने को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ रेसटा के जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी ने कहा कि हम तन मन धन से आपके साथ है और जब तक आपकी जायज मांगें पूरी नहीं होगी हम पीछे नहीं हटेंगे।

राज्य सरकार व शिक्षा विभाग को मांगें जल्द पूरी करनी चाहिए नहीं तो शिक्षक संघ, क्रीड़ा भारती के साथ शिक्षा निदेशालय पर धरना देगा। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष दानवीर सिंह, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल के पूर्व विद्यार्थी निर्मल रतनू, नवरतन राजपुरोहित आदि मौजूद थे।

■ प्रशिक्षकों व रसोईयों की नियुक्ति, मैस भत्ता बढ़ाने, पेयजल, खेल मैदान का रख रखाव आदि मांगों को लेकर धरना जारी

## उगमपुरा में श्याम कीर्तन आयोजित

**नोखा,** (कासं)। यहां के उगमपुरा मोहल्ले में भव्य श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया। इस कीर्तन में लोकप्रिय कलाकार दिनेश हिन्दुस्तानी के नेतृत्व में कई कलाकारों ने खाटू नरेश बाबा श्याम के भजनों की मनोहक प्रस्तुतियां दी।

कीर्तन की शुरूआत भजन गायक दिनेश हिन्दुस्तानी ने बाबा श्याम की आरती से की, जिसके बाद गणेश वंदना से माहौल भक्तिमय हो गया। कीर्तन लगभग पांच घंटे तक चला, जिसमें कलाकारों ने श्याम थारी चौखट पे आयो में हार के.., आओ आओ सांवरिया, भोग लगाओ है छप्पन भोग तैयार.., थाली भरकर लाई खिचड़ा..., झांकी कितना प्यारा तुझे जिसने सजाया.., गणेश वंदना, सांवरिया सेठ सहित अनेक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। इस दौरान बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार भी किया गया। बीकानेर के कलाकार धर्मेन्द्र सोनी ने बाबा के श्रृंगार पर भजन प्रस्तुत किया जिससे श्रोता भावविभोर हो गए। कार्यक्रम के दौरान श्रोता नृत्य करने लगे।

## सार-समाचार

### बालिका एवं शिशु गृह का निरीक्षण



जोधपुर हाईकोर्ट के न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग ने राजकीय बालिका एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर के न्यायाधिपति तथा किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गर्ग ने बाल अधिकारिता विभाग में संचालित राजकीय बालिका गृह एवं शिशु गृह का बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थाओं का अवलोकन करते हुए बच्चों को प्रदत्त सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बालिका गृह अधीक्षक कविता स्वामी ने बताया कि न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग ने परिसर में पौधारोपण किया और बालिकाओं के साथ संवाद करते हुए संस्था की व्यवस्थाओं की जानकारी की। संस्था में शून्य से 6 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों के लिये शिशु गृह संचालित है। न्यायाधिपति ने संस्था के छोटे बच्चों से मुलाकात की। संस्था व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होने स्टाफ से बाल संरक्षण के पुनीत कायी को पूर्ण निष्ठा करने का आव्हान किया। राजकीय बालिका गृह में न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग को बालिकाओं ने स्वयं द्वारा बनाई गई पेंटिंग भेंट की। निरीक्षण के दौरान किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट कविता सोनी, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक सुरेन्द्र कुमार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास एवं समिति सदस्य सहित संस्था के स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### संविधान दिवस पर फोटो प्रदर्शनी



संविधान दिवस से जुड़ी फोटो प्रदर्शनी का अनेक लोगों ने अवलोकन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। संविधान दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा सूचना केन्द्र परिसर में लगाई गई फोटो प्रदर्शनी का बुधवार को अनेक लोगों ने अवलोकन किया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पवार ने कहा कि भारत का संविधान हमें एक सूत्र में बांधता है। हमें दुनिया के सबसे बड़े लिखित संविधान पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि फोटो प्रदर्शनी से आमजन को संविधान निर्माण प्रक्रिया तथा इससे जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी मिलेगी। जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक हरिशंकर आचार्य ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार मंगलवार को रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने किया। शुक्रवार तक यह प्रदर्शनी सूचना केन्द्र में आमजन के लिए खुली रहेगी। सहायक जनसंपर्क अधिकारी निकिता भाटी ने आभार जताया। इस दौरान सहायक प्रशस्तिक अधिकारी बृजेंद्र सिंह, वरिष्ठ सहायक प्रियांशु आचार्य सहित सूचना केन्द्र के पाठक मौजूद थे।

### 11 किलो पोस्त सहित दो गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर के नजदीक गांव मोहनपुरा रोड पर गांव आठ वाई के पास सदर थाना पुलिस ने एक कार से 11 किलो पोस्त बरामद कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बिक्री राशि के 5100 रूपए भी बरामद हुए हैं। सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार के नेतृत्व में निकली पुलिस टीम को गश्त के दौरान गांव आठ वाई के नजदीक एक कार नजर आई। पुलिस को देखकर कार सवार 2 युवक कार भगाने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपियों ने कार की स्पीड बढ़ा दी और यह अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। इससे कार का आगे का हिस्सा पिचक गया और कार मौके पर ही रुक गई। पुलिस ने कार सवार 2 युवकों को पकड़ कर कार की तलाशी ली, तो इसमें 11 किलो डोडा डंठल पोस्त बरामद हुआ। आरोपी इस पोस्त की इस एरिया में बिक्री करने निकले थे। उनसे बिक्री राशि के 5100 रूपए भी बरामद हुए हैं। आरोपी चरणजीत सिंह पुत्र राजकुमार मटीलीराठान थाना क्षेत्र के गांव साहिबसिंहवाला 23 जैड का रहने वाला है जबकि अन्य आरोपी केसरीसिंहपुर के वार्ड 12 का रह ने वाला सोहनलाल उर्फ सोनू पुत्र सुगनाराम है। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी कार जब्त कर ली गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों से इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। उनसे पोस्त के मुख्य सप्लायर के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगंगानगर के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगंगानगर के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) श्रीगंगानगर द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत के तहत बुधवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मटका चौक श्रीगंगानगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालय में अध्ययनत छात्राओं को विवाह योग्य निर्धारित आयु से पूर्व बाल विवाह नहीं करने की शपथ ग्रहण करवाई गई तथा इस अवसर पर बताया कि अपने आस-पड़ोस में बाल विवाह होने पर इसकी रोकथाम की सूचना प्रशासन सहित पुलिस को दिये जाने व सूचना प्रदान करने वाले व्यक्ति की निजी जानकारी गोपनीय रखी जाने के बारे में भी प्रेरित किया गया। तेनगुरिया ने बताया कि बाल विवाह होने से बालिका के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। शिविर के दौरान चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम रोहताश यादव ने बाल विवाह रोकथाम की अपील करते हुए समस्त ग्रामीणजनों को बाल विवाह रोकथाम हेतु सूचना प्रशासन को करने हेतु प्रेरित किया।

# खेल जगत



यह चौकाने वाला नहीं है क्योंकि ट्रायल का यह मामला पिछले एक साल से चल रहा है। मैंने पहले भी कहा है कि मैंने नाडा को नमूना देने से इनकार नहीं किया है। - **बजरंग पूनिया**

भारतीय पहलवान, नाडा द्वारा निलंबित किये जाने पर बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी** — **डी गुकेश**



भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कहा कि उनका ध्यान एक समय में एक बाजी पर केंद्रित है और उन्हें उम्मीद है कि वह शतरंज विश्व चैम्पियनशिप में जल्द ही मजबूत वापसी करेंगे। चेन्नई के इस 18 साल के खिलाड़ी का लक्ष्य डिंग लिरेन को पछाड़कर शतरंज में सबसे कम उम्र का विश्व चैंपियन बनना है। गुकेश ने यहां काले मोहरों से खेलते हुए चीन के खिलाड़ी खिलाफ दूसरी बाजी ड्रा कराकर वापसी की। इससे पहले सोमवार को लिरेन ने सफेद मोहरों से खेल रहे भारतीय खिलाड़ी की गलती का फायदा उठाकर शुरुआती मुकाबले को अपने नाम किया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## राजस्थान राज्य सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में जोधपुर का महिला व पुरुष वर्ग में वर्चस्व

जयपुर, 27 नवम्बर। राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक संघ के तत्वाधान में बड़ी स्थित नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ परिसर 3 दिवसीय चल रही सीनियर स्टेट आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप का समापन समारोह




बुधवार को हुआ, समापन समारोह उदयपुर जिला जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष हिम्मत सिंह चौहान साहब में बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि प्रशांत अग्रवाल (नारायण सेवा संस्थान अध्यक्ष) व मुख्य अतिथि नितुल चंडालिया व अतुल चंडालिया, दिलीप सिंह चौहान (तैराकी अंतर्राष्ट्रीय कोच), राजेंद्र नलवाया, चैन सिंह राठौड़ (राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक संघ अध्यक्ष), परमेश्वर (राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक संघ के सचिव) व पूर्व महासचिव कान सिंह राठौड़ थे। जिला जिम्नास्टिक संघ जोधपुर के सचिव डॉ शक्ति सिंह रावलोत ने बताया कि इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्रशांत अग्रवाल ने की व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। व इस प्रतियोगिता का परिणाम की टीम चैंपियनशिप महिला वर्ग में जोधपुर, नागौर, अजमेर क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। एवं पुरुष वर्ग में जोधपुर, भीलवाड़ा, उदयपुर क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे।तथा व्यक्तिगत स्पर्धा में दिशा (जोधपुर) ईशा (जोधपुर) दीपा (जोधपुर) क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे।

### पिंक स्टार डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग सीजन-6

## रावत आई हॉस्पिटल एवं जयपुर न्यूक्लियर इमेजिंग क्वार्टर फाइनल में

जयपुर, 27 नवंबर। लीग आयोजन सचिव डॉ हनुमान खोजा ने बताया कि आज खेले गए टीम इवेंट मुकाबलों में बॉयज कैटेगरी में लिपि लेजेंड्स ने आइकॉन हॉस्पिटल को 4-1 से हराया। आँच हॉस्पिटल ने खंडेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट पर 3-2 से विजय प्राप्त की। केडिया होटशॉट्स ने जयपुर यूरोलॉजी पर 4-1 से विजय प्राप्त की। दूसरी टाई में केडिया हॉस्पिटल शर्मा डायग्नोस्टिक से 2-0 से आगे है और 3 मैच अभी बाकी हैं। शॉल्डर एंड नी सर्जरी शर्मा डायग्नोस्टिक से 2-1 से आगे है और 2 मैच बाकी हैं। लीग कॉर्डिनेटर डॉ सुधांशु शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में निया डायग्नोस्टिक ने एच् सी जी हिटर्स को 4-3 से हराया और कैंसर केअर पर 3-2 से जीत हासिल की पर क्वार्टर फाइनल में जगह नहीं बना पाई। लीग कॉर्डिनेटर डॉ दिलीप गुप्ता ने बताया कि कैंसर केअर क्रशरस ने कदम टेक को 5-2 से हराया और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पिंक विनायक हॉस्पिटल ने डॉ जैन प्रूडेंट पर 4-0 से बढ़त हासिल की और एक मैच अभी बाकी है। नारायणा हॉस्पिटल ने जैन प्रूडेंट पर 2-0 से बढ़त बनाई और 2 मैच अभी बाकी हैं। यूरो शूटर्स ने मेडिस्पा रॉयल्स को 4-3 से हराया।

## एसजे क्रिकेट एकेडमी की आसान जीत



जयपुर, 27 नवंबर। बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज नैना क्रिकेट एकेडमी ग्राउण्ड जगतपुरा में खेले गये मुकाबले में मोहित गुप्ता 22 रन पर 5 विकेट, शुभम खण्डेलवाल 9 रन पर 3 विकेट तथा दिनेश मीणा 12 रन पर 2 विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत एस जे पब्लिक स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने व राईजिंग क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से हराकर अगले राउण्ड में प्रवेश किया।

# बुमराह फिर से बने टेस्ट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज




दुबई 27 नवंबर। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 883 रेटिंग के साथ फिर से टेस्ट गेंदबाजी रैकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये है। इस मैच से पहले बुमराह टेस्ट रैकिंग में तीसरे स्थान पर थे उन्हें दो स्थानों का फायदा हुआ है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा को एक स्थान पीछे धकेल कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। नंबर दो पर चल रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड अब नंबर तीन स्थान पर आ गये हैं।

इससे पहले बुमराह इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे। अक्तूबर में बंगलादेश के खिलाफ सीरीज के दौरान उन्होंने फिर से यह स्थान को हासिल किया, हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं होने के कारण वह तीसरे स्थान पर चले गए थे। पर्थ टेस्ट में ही पांच विकेट लेने वाले भारत के मोहम्मद सिराज को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है और वह टेस्ट रैकिंग में 25वें स्थान आ गये हैं। शीर्ष 10 में बुमराह के अलावा भारत के दो और गेंदबाज आर अश्विन (चौथा स्थान) और रवींद्र जाडेजा (सातवां स्थान) भी शामिल हैं।

वहीं बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट अभी भी शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल पर्थ टेस्ट में शानदार शतक लगाकर दूसरे स्थान पर बने हुये है। दूसरी पारी में 161 रन बनाने वाले जयसवाल के अब करियर बेस्ट 825 रेटिंग अंक हो गए हैं और वह रूट से अब केवल 78 रेटिंग अंक पीछे हैं।

पर्थ टेस्ट में 30वां शतक लगाने वाले विराट कोहली को भी फायदा हुआ है और वह नौ स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर आ गए हैं। ट्रैविस हेड ने 89 रन बनाकर शीर्ष 10 में वापसी की है और वह 10वें स्थान पर हैं। पर्थ टेस्ट से बाहर रहने वाले रवींद्र जडेजा और आर अश्विन अभी भी टेस्ट के शीर्ष दो ऑलराउंडर बने हुए हैं।

### आईपीएल फाउंडर ललित मोदी ने किए बड़े खुलासे

## चेन्नई सुपर किंग्स के मालिक एन. श्रीनिवासन पर फिर लगाए फिक्सिंग के आरोप



नई दिल्ली, 27 नवम्बर। आईपीएल के फाउंडर ललित मोदी एक बार फिर से चर्चा में हैं। उन्होंने आईपीएल फ्रैंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स के मालिक एन श्रीनिवासन पर फिक्सिंग के संगीन आरोप लगाए हैं। श्रीनिवासन बीसीसीआई के पूर्व चेयरमैन भी रह चुके हैं और उनके ललित मोदी के साथ मतभेद जग जाहिर हैं। अब एक पॉडकास्ट पर चर्चा करते हुए ललित मोदी ने सीएसके के मालिक पर अंपायर फिक्सिंग के आरोप लगाए हैं।

इस वायरल पॉडकास्ट पर ललित मोदी ने बताया कि एन श्रीनिवासन चेन्नई सुपर किंग्स के मैचों में अंपायरों की अदला-बदली किया करते थे। उन्होंने कहा कि, उन्होंने अंपायरों को बदलने का काम भई किया वो चेन्नई के मैचों में सीएसके के अंपायरों को काम दिया करते थे। ये मुझे अच्छा नहीं लगता था क्योंकि वो खुलेआम फिक्सिंग कर रहे थे।

मैंने जब उनके खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश की तो वो मेरे खिलाफ चले गए। ललित मोदी ने एंड्रयू फ्लिंटॉप पर हुई विवाद पर भी बड़ा बयान दिया है। दरअसल, चेन्नई के मालिक एन श्रीनिवासन पर आरोप लगाए जाते हैं कि उन्होंने आईपीएल 2009 के ऑक्शन में एंड्रयू फ्लिंटॉप को खरीदने के लिए नीलामी को फिक्स कर दिया था।

ललित ने फिर से उस विषय को उछालते हुए बताया कि श्रीनिवासन की जिद थी कि वो फ्लिंटॉप को खरीदना चाहते थे और हर एक फ्रेंचाइजी को उनके द्वारा की गई फिक्सिंग के बारे में जानकारी थी। ललित मोदी ने आगे कहा कि हां हमने ऑक्शन में फिक्सिंग की थी। हर एक फ्रेंचाइजी को इसकी जानकारी थी। हमने सबसे पहले कहा था कि फ्लिंटॉफ पर बोली ना लगाएं क्योंकि श्रीनिवासन उन्हें अपनी टीम में शामिल करना चाहते थे वो राह में कांटा बनना चाह रहे थे क्योंकि उनका मानना था कि आईपीएल का प्रयोग सफल नहीं होगा।

## वर्षा बाधित टेस्ट में श्रीलंका ने द. अफ्रीका के 4 विकेट लेकर मैच पर बनाई पकड़

डरबन, 27 नवंबर। वर्षा बाधित पहले टेस्ट मैच में बुधवार को श्रीलंकाई गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 के स्कोर पर दक्षिण अफ्रीका चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेज कर मैच पर अपना पकड़ बना ली हैं। आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये।

## प्रो. कबड्डी लीग सीजन-11 के प्लेऑफ और फाइनल होंगे पुणे में

पुणे, 27 नवंबर। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने कहा है कि प्रो कबड्डी लीग सीजन-11 के प्लेऑफ और फाइनल मुकाबले 26 दिसंबर से 29 दिसंबर तक पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में खेले जायेंगे। लीग चरण में शीर्ष दो टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जबकि तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमें 26 दिसंबर को एलिमिनेटर चरण में आमने-सामने होंगी। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर-1 में छठे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर-2 में पांचवें स्थान पर रहने वाली टीम से मुकाबला करेगी।

## जयपुर में शॉटगन इंडिया ओपन प्रतियोगिता शुरू राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का अवसर

जयपुर, 27 जनवरी। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इंडिया ओपन शॉटगन प्रतियोगिता 27 नवंबर को जयपुर में शुरू हुई और 2 दिसंबर 2024 तक चलेगी। यह प्रतिष्ठित आयोजन राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेने के इच्छुक एथलीटों के लिए एक महत्वपूर्ण क्वालीफायर के रूप में काम करेगा, जिसमें देश भर के 329 निशानेबाज हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की दो श्रेणियां हैं: राष्ट्रीय नियम (एनआर) श्रेणी उन एथलीटों के लिए है जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई नहीं किया है, और अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) श्रेणी उन लोगों के लिए है जिन्होंने पहले ही राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपना स्थान बना लिया है। यह श्रेणी अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल सुनिश्चित करती है, जो उभरती प्रतिभाओं को अनुभवी पेशेवरों के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करती है। 329 प्रतिभागियों में से 221 ने एनआर श्रेणी में पंजीकरण कराया है, जबकि शेष 108 आईएसएसएफ श्रेणी में हैं। भाग लेने वाले उल्लेखनीय एथलीटों में पूर्व ओलंपियन किनान चेनाई के साथ-साथ प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज भवानीश मेंदीरत्ता, जोरावर सिंह संधू, मनीषा कीर, दर्शना राठौर, आशिमा अहलावत, प्रीति रजक, कार्तिकी सिंह शेखावत और राजकुंवर इंगले शामिल हैं।इन

## पाक में हिंसा के कारण श्रीलंकाई टीम ने बीच में छोड़ा दौरा

### चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर उठे सवाल



नई दिल्ली, 27 नवम्बर। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में लगातार हिंसा बढ़ने से श्रीलंका की ए टीम ने अपना पाकिस्तान का दौरान बीच में छोड़ दिया और अपने वतन लौट गई है। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवाल को पुष्टि की है कि श्रीलंका क्रिकेट के साथ सलाह मशविरे के बाद उसने पाकिस्तान शाहीन और श्रीलंका ए के बीच होने वाले आखिरी दो 50 ओवर के मैच को स्थगित कर दिया है।

वहीं अब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। पीसीबी भले ही चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर आश्वस्त नजर आ रहा है लेकिन उम्मीद बेहद कम है। भारत ने अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया है। वहीं पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के लिए भी तैयार नहीं है। पाकिस्तान के मौजूदा हालात भी इस ओर इशारा कर रहे हैं कि इस देश से चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी छिन सकती है। ये पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में हिंसा हो रही है, बल्कि कुछ दिन पहले महिलाओं की राष्ट्रीय चैंपियनशिप रद्द हो गई थी। टीम होटल में आग लगने के कारण ये पैसला किया गया था।

## राजस्थान ने सिक्किम को 207 रनों से हराया

### धृति माथुर की शतकीय पारीव सरिता का नाबाद अर्द्धशतक

जयपुर, 27 जनवरी। पुणे में खेली जा रही बीसीसीआई द्वारा आयोजित राष्ट्रिय अंडर 15 एक दिवसीय ट्रॉफी के मैच में राजस्थान ने सिक्किम को 207 रनो के विशाल अंर्तसे हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान की सलामी बल्लेबाज धृति माथुर की शानदार शतकीय पारी व सरिता के अर्धशतक की सहायता से राजस्थान ने3 विकेट के नुकसान पर 250 रनोका स्कोर बनाया। टीम के लिए धृति माथुर नाबाद 68 गेंदों पर 101 रनो की पारी खेली जिसमे 17चोक्के शामिल हैं व सरिता ने 71 गेंदों पर 73 रनो की पारी खेली जिसमे 11 चोक्के शामिलहैं। टीम की दीक्षा चौधरी नाबाद 23 व गौरवीखंगारोत23 रनो का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिक्किम टीम राजस्थान की गेंदबाज के सामने मात्र 43 रनो के स्कोर पर आल आउट हो गयी।

## मेरा निलंबन भाजपा सरकार की राजनीतिक साजिश : पूनिया



नई दिल्ली, 27 नवंबर। पहलवान बजरंग पूनिया ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा उन पर लगाए गए चार साल के प्रतिबंध की कड़ी निंदा करते हुए इसे भारतीय जनता पार्टी सरकार की राजनीतिक साजिश और व्यक्तिगत प्रतिशोध करार दिया है।

बुधवार को दिये गये एक बयान में पूनिया ने दावा किया कि उनके खिलाफ की गई कार्रवाई महिला पहलवानों के आंदोलन का समर्थन करने में उनकी मुखर भूमिका का प्रतिशोध है।टोक्यों ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले पूनिया ने सोशल मीडिया मंच पर भाजपा सरकार और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर उनके करियर को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

उन्होंने लिखा, यह चार साल का प्रतिबंध मेरे खिलाफ व्यक्तिगत दुश्मनी और राजनीतिक साजिश का नतीजा है। उन्होंने कहा, यह महिला पहलवानों के समर्थन में हमारे द्वारा चलाए गए आंदोलन का सीधा नतीजा है, जिसमें हमने उनके साथ हुए अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा, जब नाडा की टीम मेरे पास परीक्षण के लिए आई, तो उनके पास जो डोप किट थी।

## महिला वर्ग ने अपने प्रारंभिक मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया



जयपुर, 27 नवम्बर। भारतीय जीवन बीमा निगम की खेल कूद प्रतियोगिता मे आज विभिन्न स्पर्धाओं के प्रारम्भिक मुकाबले शुरू हुए। शतरंज मे पांच चक्र की समाप्ति के बाद पुरूष वर्ग मे ठौड मास्टर श्रीराम झा, नार्थ सेंट्रल जोन के इन्टरनेशनल मास्टर दिनेश शर्मा, गजेन्द्र सिह और ब्रजेश कुमार अग्रवाल संयुक्त रूप से बढत बनाये हुए है। चारो ने चार अंक अर्जित किये। महिला वर्ग मे स्वाति धाटे, किरण मोहन्ती 4.5 अंक के साथ बढत बनाये हुए है। पुरुष वर्ग मे नार्थ सैट्रल जोन के ब्रजेश कुमार ने ग्रांड मास्टर श्रीराम झा को व गजेन्द्र सिह ने इन्टरनेशनल मास्टर दिनेश कुमार शर्मा को बराबरी पर रोक कर प्रतियोगिता का पहला उल्ट फेर दर्ज किया।

एथलेटिक्स के मुकाबलो मे ट्रीपल जम्प पुरूष वर्ग मे धीरज व शोबिन प्रथम व द्वितीय रहे वही महिला वर्ग मे जोयलिन लोबो व हर्षिनी कुमार प्रथम द्वितीय रही।गोला फैक मे नार्थ सैन्ट्रल जोन के अमित कुमार ने 13.12 मीटर व चन्द्र भूषण ने 12.95 मीटर फैक कर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग गोला फैक मे वासुमति ने 11.86 मीटर व अनन्य गुप्ता के 11.08 मीटर फैक कर खिताब अपने नाम किया। 800 मीटर दौड पुरुष वर्ग मे प्रमोद सिह पाटनी प्रथम रहे वही महिला वर्ग मे अनुमारिया जोश आशा रानी पांडा क्रमश प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर पुरूष वर्ग मे धर्मवीर व दत्ता जोश प्रथम व द्वितीय रहे वही महिला वर्ग मे नीतू व प्रेरणा प्रथम व द्वितीय रही। दस हजार मीटर मे कालीदास हिरवे प्रथम व संदीप कुमार द्वितीय रहे।

टेबिल टेनिस प्रतियोगिता मे प्रथम वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ियों ने अपने अपने द्वितीय चरण के मुकाबले जीत कर अगले चरण मे प्रवेश किया। जीतने वाली महिला खिलाडी प्राजक्ता रिपाले, चंद्राणी डे और रिपुदम, सुषमा मोगरे, रिचा पटवर्धन, मुरम ई मात्रे, आर गीत और मेघा परांजपे रही वही पुरुष वर्ग मे शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जनमे सौगातो सरकार, रवि जोशी, आर राजेश, पराग अग्रवाल, विनय बेसवाडे, जबरजीत सिह, रोहित चक्रवर्ती ने अगले चरण मे प्रवेश किया। बैडमिन्टन पुरुष वर्ग मे सिद्धार्थ जाखड, किरण मकोडे, जयसन जेवियन, नागा विनायक, प्रेम सिह अतुल पाठक, के किशोर कुमार और अनिल श्रीवास्तव ने अपने प्रतिद्वंद्वीयो को हराकर क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई वही महिला वर्ग मे लीला धापरे, दीक्षा झालके कदम, के श्रीदेवी, अंजू, वर्दा दीक्षित व श्रद्धा श्रीवास्तव ने भी अपने अपने प्रारम्भिक मुकाबले जीत कर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश कर चुकी।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में राजस्थान ने हैदराबाद को हराया

### कार्तिक शर्मा की शानदार आतिशी अर्द्धशतकीय पारी




जयपुर, 27 नवंबर। राजस्थान के युवा प्रतिभावान बल्लेबाज कार्तिक शर्मा के शानदार अर्धशतकीय पारी की सहायता से राजस्थान ने आज राजकोट में बीसीसीआई की सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के खेले गए मैच में हैदराबाद को 24 रनो से हराया।

राजस्थान पारी 287 / 8 (20 ओवर) टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान टीम ने कार्तिक शर्मा के अर्धशतक व दीपक हुड्डा, जुबेर अली की बढ़िया बल्लेबाजी की सहायता से निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 287 रनो का स्कोर बनाया।

कार्तिक शर्मा ने दीपक हुड्डा के साथ तीसरे विकेट के लिए 51 गेंदों पर 97 रनो की साझेदरी करते हुए टीम को मजबूत स्तिथि में पहुँचाया। कार्तिक शर्मा ने 27 गेंदों पर 5 छक्के व 4 चौक्कोंकी सहायता से 214.81 की स्ट्राइक रेट के साथ 58 रनो की आतिशी अर्धशतकीयपारी खेली।

टीम के लिए कार्तिक शर्मा 58, दीपक हुड्डा 46, जुबैर खान 31, अभिजीत तोमर 18 व दीपक चाहर 14 रनो का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद टीम राजस्थान के गेंदबाजों की सधी हुई गेंदबाजी के सामने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 163 रन ही बना सकी। राजस्थान के गेंदबाज मानव सुथार 10 / 2, अनिकेत चौधरी 23 / 2, दीपक हुड्डा 25 / 1, दीपक चाहर 35 / 1 व कमलेश नागरकोठी 45 / 1 विकेट प्राप्त करते हुए टीम को 24 रनो से शानदार जीत दिलाई।

## स्कूल नेशनल वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान वुशू टीम ने जीते 2 स्वर्ण समेत 10 पदक




जयपुर, 27 नवंबर। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 21 से 26 नवम्बर 2024 तक जम्मू में आयोजित हुई 68वी राष्ट्रीय विद्यालयी वुशू (बालक/बालिका 17 वर्ष आयु वर्ग) प्रतियोगिता में राजस्थान स्कूल वुशू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये 2 स्वर्ण, 4 रजत तथा 4 कांस्य पदक कुल 10 पदक प्राप्त कर राजस्थान प्रदेश का नाम रोशन किया। हीरानंद कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ के अनुसार राष्ट्रीय विद्यालयी वूशु प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाडियों का विवरण निम्न प्रकार है:-

स्वर्ण पदक - आशु 48, कुसुम सुथार 48, रजत पदक - रुद्राक्ष 60, सुनील 65, रिया 60, शगुन 65, कांस्य पदक - मानवेंद्र 70, सहदेव सिंह 80, हिमानी 45, संगीता 56, टीम प्रशिक्षक गजेंद्र पुरी गोस्वामी, सोहन राम चौधरी

टीम मैनेजर सुरेश चौधरी, ममता वर्मा तथा टीम के साथ निदेशालय बीकानेर के प्रतिनिधि एवं चीफ डे मिशन विनोद कुमार दल प्रबंधक विशाल कुमार पारीक साथ में थे। खिलाडियों के पदक जीतने पर हीरानंद कटारिया, उपाध्यक्ष, भारतीय वुशू संघ व अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ, गोपाल सैनी, संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, विनोद सिंह शेखावत, संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, राजकुमार शर्मा संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, भगवान सहाय जाटवा संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, के. सी. घुमरिया, चेयरमैन, राजस्थान वुशू संघ, ममता वर्मा, महासचिव, राजस्थान वुशू संघ, राजेश कुमार टेलर वुशू कोच व सभी पदाधिकारियों ने बधाई प्रदान की।

## बांग्लादेश की महिला टीम ने आयरलैंड को 154 रनों से हराया



ढाका, 27 नवंबर। शर्मिन अख्तर (96) और फरगाना हक (61) की शानदार बल्लेबाजी के बाद सुलताना खातून (तीन विकेट), मारुफा अख्तर और नाहिदा अख्तर (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश की महिला टीम ने बुधवार को एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड की महिला टीम को 154 रनों से हरा दिया है। 253 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने 10 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। उसके बाद ओर्ला प्रेंडरगैस्ट और सारा फोर्ब्स ने पारी को संभालने का प्रयास किया। नाहिदा अख्तर ने ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (19) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। सारा फोर्ब्स (25) रन बनाकर आउट हुई। लौरा डेलानी ने (22) रन बनाये। आयरलैंड टीम के आठ खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश के गेंदबाजों के आगे आयरलैंड की पूरी टीम 28.5 ओवर में 98 रन पर ढेर हो गई।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। राजस्थान में स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार एवं जन स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की तथा मार्गदर्शन लिया। राजस्थान के उपचुनावों में शानदार जीत के बाद मुख्यमंत्री की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से यह पहली मुलाकात थी।*

## लखीमपुर खीरी कांडः आरोपी मिश्रा से गवाहों को धमकाने पर जवाब मांगा

नयी दिल्ली, 27 नवंबर। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में 2021 के हिंसा मामले के आरोपियों में शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को, गवाहों को धमकाने के आरोप पर चार सप्ताह में अपना जवाब देने का बुधवार को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। शिकायतकर्ताओं में से एक का पक्ष रख रहे वकील ने पीठ के समक्ष दलील दी कि उन्होंने मिश्रा द्वारा गवाहों को धमकाने का दावा करते हुए याचिका दायर की थी। इस पर पीठ ने आरोपी आशीष के अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे से चार सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा। दवे ने हालांकि, आरोपों से इन्कार किया और कहा कि यह एक 'अंतहीन प्रक्रिया' है। उन्होंने जोर देकर कहा कि तस्वीरों में उनका मुवक्किल नहीं है।

पीठ पर दवे की इन दलीलों का असर नहीं हुआ। पीठ ने उनसे हलफनामा दाखिल कर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

# दौसा विधायक बैरवा ने कार्यकर्ताओं के साथ पायलट का आभार जताया

### राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा, दौसा सीट पर पूरे देश की नज़र थी



*दौसा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक दीनदयाल बैरवा ने अपने परिजनों एवं क्षेत्रवासियों के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट से उनके घर पर मुलाकात की व आभार प्रकट किया।*

जयपुर, 27 नवम्बर। दौसा से नव-निर्वाचित विधायक दीनदयाल बैरवा के नेतृत्व में आज सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने जयपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए पायलट ने कहा कि इन उपचुनावों पर, खास कर दौसा विधानसभा क्षेत्र पर पूरे देश की नज़र थी। यहां से पार्टी को जो कामयाबी मिली है उसका श्रेय आप सभी को जाता है। उन्होंने कहा कि दौसा के सांसद मुरारीलाल मीणा, जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्षों, मण्डल अध्यक्षों सहित सभी पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुटता के साथ कार्य किया। दौसा के प्रत्येक समाज, वर्ग के लोगों ने कांग्रेस पार्टी का साथ देकर इस चुनौती पूर्ण समय में एकजुटता का परिचय दिया और सरकार, प्रशासन के दबाव में नहीं आकर कांग्रेस प्रत्याशी को अपना समर्थन एवं आशीर्वाद दिया, जिसके लिए मैं दौसा की जनता का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

■ **नवनिर्वाचित विधायक दीन दयाल बैरवा दौसा से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं व जिला पदाधिकारियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट के सिविल लाइन्स स्थित आवास पर जीत के लिए आभार जताने व धन्यवाद देने आये।**

इस अवसर पर नव-निर्वाचित विधायक बैरवा ने पायलट का आभार व्यक्त करते हुए सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर कार्य करने तथा दौसा के विकास एवं जनहित के मुद्दों के लिए जो भी संघर्ष करना पड़ेगा एकजुटता के साथ करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर बैरवा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित ए.आई.सी.सी. एवं प्रदेश के सभी नेताओं का भी आभार व्यक्त किया।

## विद्यार्थियों को नशे से बचाने के लिए कदम उठायें

जयपुर, 27 नवंबर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने विद्यार्थियों में नशे की सप्लाई को लेकर प्रसंज्ञान लिया है। इसके साथ ही प्राधिकरण ने जिला स्तरीय गठित विशेष इकाईयों को दिशा- निर्देश जारी किए हैं।

प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरिओम अत्री ने कहा है कि विशेष इकाइयाँ अपने क्षेत्र में नशे के आदी बालकों की पहचान करें और उन्हें नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराएं और मनोचिकित्सकों और डॉक्टरों के साथ मिलकर नियमित संवेदनशील कार्यक्रमों का संचालन करें। सदस्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि आमजन व बालकों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने के लिए

■ **राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला स्तरीय विशेष इकाइयों को इस विषय में सक्रिय कदम उठाने के निर्देश दिये।**

विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके अलावा दवा विक्रेताओं को जागरूक किया जाए कि वे बिना डॉक्टर की पर्ची के कोई दवा नहीं दें। सदस्य सचिव ने इकाइयों को कहा है कि नशा मुक्ति केन्द्रों में आधारभूत सुविधाओं को लेकर निरीक्षण किया जाए और इसमें पाई गई कमियों को दूर किया जाए। इसके अलावा यदि इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से जारी किसी नियम की अवहेलना होती है तो पुलिस प्रशासन से समन्वय कर उचित आपराधिक कार्रवाई की जाए।

गौरतलब है कि हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स प्रकाशित हुई थीं, जिसमें बताया गया था कि कोटा में एकाग्रता बढ़ाने की गोली के बहाने विद्यार्थियों को ड्रग्स उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी तरह सीकर में पांच सौ रुपए में स्मैक बिक रही है। जोधपुर में भी कोचिंग संस्थानों के पास एमडी ड्रग्स बेचने का खुलासा किया गया था।

# विपक्ष ने वक्फ विधेयक संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़वाया

### समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को विपक्ष के सामने झुकना पड़ा, बिल लटकने की संभावना बढ़ी

नई दिल्ली, 27 नवंबर। वक़्फ़ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही संसदीय समिति में बुधवार को बवाल मच गया। विपक्षी सदस्यों ने कार्यवाही को मजाक बताते हुए मीटिंग का बहिष्कार किया। हालांकि, बाद में वे वापस लौट आए। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कार्यकाल बढ़ाने की बात कही है। विपक्ष का कहना है कि विधेयक पर पूरी तरह से विचार करने के लिए और समय चाहिए। जेपीसी का कार्यकाल बढ़ने के बाद, यह भी तय है कि वक्फ बिल इस संसद सत्र में पेश नहीं हो पाएगा। यह और लंबे समय तक के लिए लटक सकता है।

संसद की एक कमेटी वक़्फ़ कानून में बदलाव पर विचार कर रही है। इस कमेटी के चेयरमैन जगदंबिका पाल हैं। बुधवार को मीटिंग में विपक्षी सदस्यों ने

■ **भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि समिति को दूसरे लोगों व 6 राज्य सरकारों की बात सुननी बाकी है, इसलिये स्पीकर से कार्यकाल बढ़ाने के लिये अनुरोध करेंगे।**

हंगामा किया और बहिष्कार किया। उनका आरोप था कि मीटिंग जल्दबाज़ी में की जा रही है। विपक्ष कमेटी का कार्यकाल बढ़ाना चाहता है ताकि क़ानून पर ठीक से विचार हो सके। चेयरमैन ने कार्यकाल बढ़ाने पर सहमति जताई है।

भाजपा सांसद और वक़्फ़ जे.पी.सी. चेयरपर्सन जगदंबिका पाल ने मीटिंग के बाद कहा कि हमें अभी भी दूसरे लोगों और छह राज्यों के अधिकारियों की बात सुननी है। इन राज्यों में वक़्फ़ और राज्य सरकारों के बीच विवाद हैं। 123 प्रॉपर्टी पर भारत सरकार, शहरी मंत्रालय और वक़्फ़ बोर्ड के बीच विवाद है। हमें लगता है कि कार्यकाल बढ़ाने की ज़रूरत है।

कमेटी मेंबर और भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने बताया कि कमेटी लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा 2025 के बजट सत्र के आखिरी दिन तक बढ़ाने का अनुरोध करेगी।

अपराजिता सारंगी ने आगे कहा कि हमारे पास अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की सुनवाई थी और वक्फ संशोधन विधेयक 2024 में प्रस्तावित विभिन्न संशोधनों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। हंगामा मूल रूप से रिपोर्ट जमा करने के संबंध में उनके अनुरोध से उत्पन्न हुआ। इस बारे में काफी बहस हुई। सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने भी महसूस किया कि कुछ समय का विस्तार होना चाहिए। मुझे लगता है कि कुछ समय निश्चित रूप से आवश्यक है।

## प्रिंसिपल व दो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बलात्कार), 49 (उकसाना), और 351(2) (आपराधिक धमकी), साथ ही धारा 6 (गंभीर यौन हमला) और 17 (उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों पर पॉस्को एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है।

## 'संविधान दिवस मना ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आदेश जय देवी शर्मा की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता 95 साल की विधवा महिला है। जिसके पति का गत वर्ष 18 मई को निधन हो गया था। याचिकाकर्ता अनपढ़ है और उनका बैंक खाता भी नहीं है। याचिकाकर्ता ने गत 14 जून को पेंशन के लिए आवेदन किया तो बैंक खाता नहीं होने के कारण उसे पेंशन नहीं मिली। वहीं, उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड व बायोमैट्रिक्स नहीं होने के चलते उसका बैंक खाता भी नहीं खुल पाया। इन कारणों के चलते उसे पेंशन नहीं मिल पाई है, जबकि वह कानूनन पेंशन की अधिकारी है। ऐसे में उसे पेंशन दिलाई जाए। अदालत ने इस मामले में दिशा-निर्देश देते हुए राज्य सरकार से जवाब देने के लिए कहा है।

## इंडिया गठबंधन के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समायोजन नहीं करेंगे, लेकिन जिन राज्यों में हम कमजोर हैं, वहाँ क्षेत्रीय पार्टियों को हमारे साथ समायोजन करना चाहिये।' अहंकार, स्वयं को हकदार मान लेना तथा क्षेत्रीय दलों को क्षुद्र मानना सर्वनाश का रास्ता है।"

पिछले सप्ताह, महाराष्ट्र में कांग्रेस-शिव सेना (यू.बी.टी.)- एन.सी.पी. (एस.पी.) गठबंधन की करारी हार के बाद, टी.एम.सी. ने अपनी तलवार लहराना शुरू कर दिया तथा पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी ने ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन की मुखिया नामजद किये जाने की माँग की। कल्याण बनर्जी ने सोमवार को कहा, "पिछले तीन चार साल से उन्होंने (कांग्रेस) क्या किया है? इंडिया गठबंधन का नेता कौन है? विपक्ष के चेहरे के रूप में, किसी को भी नेता नहीं चुना गया है। अब यह करना ही होगा। कांग्रेस असफल हो गई है, यह तो प्रमाणित हो चुका है। कांग्रेस नेताओं ने हरियाणा में कोशिश की, लेकिन वे विफल रहे। महाराष्ट्र में वे असफल हो गये हैं। केवल यही नहीं, कांग्रेस हारी है, इसका मतलब, इंडिया गठबंधन में शामिल हम सब हार गये हैं। हमने कांग्रेस पर भरोसा जताया, लेकिन वह परिणाम हासिल नहीं कर सकी।"

उन्होंने आगे कहा, "देखिये, उपचुनाव हुये। हर व्यक्ति ने ममता बनर्जी की आलोचना की, लेकिन हम बंगाल की सभी 6 सीटें जीत गए। यही नहीं, हम एक लाख वोटों के अन्तर से जीते। जनता ने ममता बनर्जी पर भरोसा जताया। बंगाल तथा पूरे भारत की जनता ममता बनर्जी से प्रेम करती है। क्यों? उनके संघर्षशील चरित्र के कारण।"

## कौन बनेगा ....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पार्टी) को 41 और शिवसेना (शिंदे) को 57 सीटें मिली हैं। वर्तमान राज्य सरकार का कार्यकाल 26 नवम्बर को खत्म हो गया है और अभी तक मुख्यमंत्री पद का निर्णय नहीं हुआ है। भाजपा नेता और निवर्तमान सरकार के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने आज कहा कि इस मामले में तीनों दलों के नेताओं के विचार -विमर्श के बाद फैसला किया जाएगा।

## झांसी कॉलेज ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चार सदस्यी जांच कमेटी का गठन गया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सेंगर को पद से हटा दिया गया है। उन्हें चिकित्सा शिक्षा विभाग के महानिदेशालय से संबद्ध किया गया है साथ ही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सचिन माहुर को चार्जशीट दी गई है। वहीं, कॉलेज के अवर अभियन्ता (विद्युत) संजीत कुमार, एनआईसीयू वार्ड की नर्सिंग सिस्टर इंचार्ज संध्या राय एवं मेडिकल कॉलेज की प्रमुख अधीक्षक डॉ. सुनीता राठौड़ को तत्काल निलम्बित कर दिया गया है।

गौरतलब है कि पिछली 15 नवम्बर को झांसी मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू वार्ड में आग लगने से 10 नवजात बच्चों की मृत्यु हो गई थी जबकि बाद में गंभीर रुप से झुलसे आठ और नवजात बच्चों की मृत्यु होने से मरने वाले बच्चों संख्या बढ़ कर 18 हो गयी थी।

# 'कोटा बार के चुनाव 13 दिसम्बर को ही हों'

### राजस्थान हाईकोर्ट ने दो साल के कार्यकाल के आधार पर अगले साल चुनाव की याचिका खारिज की थी

जयपुर, 27 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने कोटा अभिभाषक संघ के चुनाव आगामी 13 दिसंबर को नहीं कराने के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभिभाषक संघ ने गत 29 जून को अपने संविधान में संशोधन कर कार्यकारिणी के कार्यकाल को एक साल से बढ़ाकर दो साल कर दिया था और इस संशोधन को याचिका में चुनौती नहीं दी गई है।

जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश कृपा शंकर व अन्य की ओर से दायर याचिका को खारिज करते हुए दिए।

याचिका में अदालत को बताया गया कि अभिभाषक संघ के संविधान के अनुसार संघ की कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव होंगे। वहीं, हाईकोर्ट ने

■ **याचिका में कहा गया था, कि कोटा अभिभाषक संघ ने अपने संविधान में संशोधन कर कार्यकारिणी का कार्यकाल एक वर्ष से बढ़ा कर दो वर्ष कर दिया, अतः उसे अगले साल चुनाव कराने की अनुमति दी जाये।**

24 अगस्त, 2023 को आदेश जारी कर प्रदेश की हर बार एसोसिएशन के चुनाव दिसंबर माह के दूसरे शुक्रवार को करने के निर्देश दे रखे हैं। याचिका में बताया गया कि कोटा अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव गत वर्ष दिसंबर माह में हुए थे। ऐसे में संघ के संविधान और अदालती आदेश की पालना में इस साल अन्य बार एसोसिएशनों की तरह कोटा अभिभाषक संघ को अपने चुनाव 13 दिसंबर को कराने थे। इसके बावजूद संघ ने गत 29 जून को आम बैठक में निर्णय लेना बताकर मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल बढा लिया। यह कार्यकाल बढ़ाने का आधार वकीलों के कल्याण और कोर्ट बिल्डिंग के लिए भूमि आवंटन बताया गया। याचिका में कहा गया कि इस आम बैठक में ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया था और कार्यकारिणी का कार्यकाल बढाने का निर्णय संविधान के खिलाफ है।

याचिकाकर्ता की ओर से बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान (बी.सी.आर.) को पत्र लिखकर अभिभाषक संघ की मनमानी करने की शिकायत की गई, लेकिन काउन्सिल ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे में कोटा अभिभाषक संघ को 13 दिसंबर को वार्षिक चुनाव कराने के निर्देश दिए जाए। इसके जवाब में अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों और बी.सी.आर. की ओर से अधिवक्ता संदीप पाठक और अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने अदालत को बताया कि संघ ने गत 29 जून को अपने संविधान में संशोधन किया है और इसे सहकारिता रजिस्ट्रार ने भी अप्रूव कर दिया है। इसके तहत कार्यकाल को एक साल से बढ्ढाकर दो साल किया गया है। ऐसे में वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल 9 दिसंबर, 2025 तक हो गया है।

दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया है।

# पूजा स्थलों की सुरक्षा व विवादों पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा

### मुख्य न्यायाधीश तथा दो अन्य की बैंच 4 दिसम्बर को इस मामले में सुनवाई करेगी

नई दिल्ली, 27 नवंबर। देश के विभिन्न हिस्सों में मंदिर और मस्जिदों का विवाद बढ़ता चला जा रहा है। हाल ही में, कोर्ट के आदेश के बाद उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया, जिसके बाद भयंकर हिंसा फैल गई। इन सब के बीच, अब सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थलों की सुरक्षा एवं 1991 में बने कानून से संबंधित याचिका पर सुनवाई का संकेत दिया है।

सुप्रीम कोर्ट में पूजा स्थलों की सुरक्षा एवं 1991 में बने कानून से संबंधित दायर की गई याचिका पर आगामी महीने यानी 4 दिसम्बर को सुनवाई का संकेत दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई करेगी।

पूजा स्थलों की सुरक्षा एवं 1991 में बने कानून से संबंधित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस पी नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई करेगी। केस में याचिकाकर्ता के रूप में जमीअत उलमा-ए-हिंद और गुलजार अहमद नूर मोहम्मद आजमी का नाम लिस्टेड है। इनके वकील एजाज मकबूल कोर्ट के सामने पक्ष रखेंगे।

■ **सन् 1991 के पूजा स्तल कानून में धार्मिक स्थलों को स्वतंत्रता के समय के स्वरुप में बरकरार रखने का प्रावधान था तथा रामजन्मभूमि -बाबरी मस्जिद विवाद को एकमात्र अपवाद माना था। 14- अब कोर्ट के आदेश से संभल की जामा मस्जिद के सर्वेक्षण पर भयंकर हिंसा फैली।**

देश में 1991 के पूजा स्थल कानून में प्रावधान किया गया था कि स्वतंत्रता के समय जो धार्मिक स्थल जिस स्वरूप में था, उसे वैसे ही बरकरार रखा जाएगा। उपासना स्थल कानून ऐसा कानून है, जो 15 अगस्त 1947 को मौजूद किसी भी उपासना स्थल के स्वरूप को बदलने पर पाबंदी लगाता है। धार्मिक स्थलों के स्वामित्व अधिकार को लेकर विवाद खत्म करने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने इस कानून में दशकों से जारी रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को एकमात्र अपवाद रखा था। इस कानून की धारा 3 किसी व्यक्ति और लोगों के समूहों को पूर्ण या आंशिक रूप से, किसी भी धार्मिक संप्रदाय के उपासना स्थल को एक अलग धार्मिक संप्रदाय के उपासना स्थल में परिवर्तित करने से रोकती है।

## चक्रवाती तूफान "फेंगल" आज तमिलनाडु पहुंचेगा

चेन्नई,27 नवंबर। तमिलनाडु में आज चक्रवाती तूफान फेंगल के पहुंचने के आसार हैं। इसकी वजह से यहां पर भारी बारिश की संभावना बनी हुई है।

इसके मद्देनजर, इंडिगो एयरलाइंस ने मंगलवार रात एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी की, जिसमें कहा गया कि चेन्नई, तूतीकोरिन और मदुरै से

■ **चेन्नई, तूतीकोरिन और मदुरै से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हो रही हैं।**

आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हो रही हैं, जबकि तिरुचिरापल्ली और सलेम भी अब प्रभावित हो सकते हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आई.एम.डी.) के अनुसार, दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित गहरा दबाव हाल ही में उत्तर की ओर बढ़ते हुए 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

# 'सोशल मीडिया -ओटीटी पर अश्लील कंटैंट रोका जायेगा'

### मंत्री वैष्णव ने इस मुद्दे पर कानून बनाने की जानकारी लोकसभा में दी

नई दिल्ली, 27 नवंबर। लोकसभा में हंगामे के बीच, बीजेपी सांसद अरुण गोविल ने प्रश्नकाल के दौरान सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील कंटेंट का मुद्दा उठाया। अरुण गोविल के सवाल का जवाब देते हुए केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्मों पर अश्लील कंटेंट को रोकने के लिए सरकार के प्रयासों के लिए मौजूदा कानूनों को मजबूत करने की आवश्यकता है।

हमारे देश की संस्कृति और उन देशों की संस्कृति के बीच बहुत अंतर है, जहां पर ओटीटी पर अश्लील कंटेंट आते हैं।

■ **सूचना व प्रसारण मंत्री ने कहा, पहले कोई चीज पब्लिश करने के लिए सम्पादकीय टीम होती थी। इसके कारण कोई अश्लील कंटैंट पब्लिश नहीं होता था। अब ऐसा नहीं है।**

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मैं चाहूंगा कि स्थायी समिति इस मुद्दे को उठाए। मौजूदा कानून को मजबूत करने की जरूरत है और मैं इस पर आम सहमति का अनुरोध करता हूं। मंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री भी चलाई जाती है।

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि पहले कोई चीज पब्लिश करने के लिए संपादकीय टीम होती थी। इसकी वजह से कोई अश्लील कंटेंट पब्लिश नहीं होता था। जो अब नहीं है। अश्विनी वैष्णव का यह बयान उनके डिप्टी एल मुरुगन द्वारा यह पुष्टि किए जाने के एक महीने बाद आया है कि सरकार ओटीटी सामग्री को विनियमित करने के लिए एक नई नीति का मसौदा तैयार कर रही है।

**मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा,** आर.एन.आई. नं. 35214/79, **जयपुर कार्यालयः** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, **उदयपुर कार्यालयः** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालयः-**राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422,226423, फैक्सः 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908